

उपराष्ट्रपति श्री सी.पी. राधाकृष्णन 28–30 अक्टूबर, 2025 तक तमिलनाडु का दौरा करेंगे

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# लोक शक्ति



छठ महापर्व में सूर्य भगवान को नमस्कार करती हुई दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा

RNI Regn. No.7789/1964 | वर्ष-61 > अंक - 298 | रायपुर | मंगलवार 28 अक्टूबर 2025 | विक्रम संवत 2082 | पृष्ठ 8 > मूल्य : 2 रू. | डाक पंजीयन : C.G./RYP DN/71/2023-25



R.O.45689/70





## अब देश के 12 राज्यों में शुरू होगा दूसरा फेज SIR पर चुनाव आयोग

एजेंसी



मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सोमवार को कहा कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का दूसरा चरण 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में आयोजित किया जाएगा। कुमार ने सटीक कार्यक्रम या क्षेत्रों के नाम बताए बिना कहा एसआईआर का दूसरा चरण 12 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में चलाया जाएगा। एसआईआर अभ्यास का उद्देश्य देश भर में आगामी चुनावों से पहले मतदाता सूचियों में सटीकता और समावेशिता सुनिश्चित करना है। **SIR के प्रमुख कार्य** चुनाव आयोग के अनुसार, प्रत्येक मतदान केंद्र पर लगभग 1,000 मतदाता हैं। प्रत्येक मतदान केंद्र के लिए एक बूथ स्तरीय अधिकारी (BLO) होता है। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में कई मतदान केंद्र होते हैं। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए एक निर्वाचक पंजीयन अधिकारी (ERO) होता है। ERO एक उप-मंडल मजिस्ट्रेट (SDM) स्तर का अधिकारी होता है, जो कानून के अनुसारः निर्वाचक नामावलियों का मसौदा तैयार करता है, दावों और आपत्तियों को प्राप्त करता है और उन पर निर्णय लेता है, और अंतिम निर्वाचक नामावलियाँ तैयार करता है और प्रकाशित करता है।

### पीएम मोदी आज छठ पूजा में होंगे शामिल

# भक्ति, लोक संस्कृति और स्वच्छता का संगम बनी दिल्ली की छठ पूजा

एजेंसी

राजधानी में लोक आस्था के महापर्व छठ को हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी छठ पूजा के अंतिम दिन उगते सूर्य को अर्घ्य देंगे। ऐसे में वासुदेव घाट पर विशेष तैयारियां की गई हैं। घाट पर सुरक्षा के इंतजाम कड़े कर दिए गए हैं। छठ पूजा समितियों के पदाधिकारियों ने बताया कि पीएम मोदी छठ पूजा के आखिरी दिन यहां डुबकी लगा सकते हैं। सूर्य की उपासना के महापर्व छठ के तहत सोमवार को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया गया। वासुदेव घाट छठ व्रतियों से खचाखच भरा रहा। सोमवार को दोपहर बाद से यहां व्रतधारियों के साथ श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया था। अर्घ्य देने के लिए विशेष अस्थायी घाट तैयार किए गए हैं।





राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने की छठी मैया की पूजा



सीएम योगी ने दिया भगवान सूर्य को अर्घ्य

## 21 नक्सलियों के हथियार त्यागकर पुनर्वास पर उपमुख्यमंत्री ने जताया हर्ष

लोकशक्ति । रायपुर।

उपमुख्यमंत्री ने बताया कि बस्तर रेंज में आने वाले केशकल डिवीजन (नॉर्थ सब ज़ोनल ब्यूरो) के कुंएमारी एवं किसकोडो एरिया कमेटी से संबंधित 21 सशस्त्र नक्सलियों ने आज हथियार और हिंसा का मार्ग छोड़कर सम्मानपूर्वक पुनर्वास कर मुख्यधारा में जुड़ने का मार्ग चुना है, जो बहुत हर्ष का विषय है। जिनमें डिवीजन कमेटी सेक्रेटरी मुकेश भी शामिल हैं। पुनर्वास करने वाले 21 माओवादी कैडर में 13 महिला कैडर और 08 पुरुष कैडर शामिल हैं। इन माओवादी कैडरों द्वारा 18 हथियारों को समर्पित किया गया है।

## एमपी में भाजपा की कार्यकारिणी घोषित

जबलपुर/भोपाल. एजेंसी।

मध्यप्रदेश में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की टीम की घोषणा की गई है. आज भाजपा केंद्रीय मुख्यालय से सूची जारी की गई है. टीम हेमंत में लता वानखेड़े, सुमेर सोलंकी, गौरव रणदिवे व राहुल कोठारी बने प्रदेश महामंत्री बनाया गया है. वहीं जबलपुर से अखिलेश जैन को फि र से कोषाध्यक्ष बनाया गया है. खंडेलवाल के अध्यक्ष बनने के 3 महीने 21 दिन बाद टीम घोषित की गई है।

वहीं मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल को दोबारा मौका दिया गया है. अग्रवाल को विधानसभा चुनाव से पहले लोकेंद्र पाराशर को हटाकर जिम्मेदारी सौंपी गई थी. रीवा संभाग के संगठन मंत्री रहे श्याम महाजन को प्रदेश कार्यालय मंत्री बनाया गया है. अखिलेश जैन कोषाध्यक्ष बनाए गए हैं. चार मोर्चों के अध्यक्ष भी बदले गए हैं.

टीम हेमंत में 9 उपाध्यक्षए 4 महामंत्रीए 9 मंत्री- नाम पद रणबीर रावत उपाध्यक्ष (पहले महामंत्री रहे) कांतदेव सिंह उपाध्यक्ष (पहले भी उपाध्यक्ष रहे) प्रभुराम चौधरी उपाध्यक्ष शैलेंद्र बरुआ उपाध्यक्ष मनीषा सिंह उपाध्यक्ष (पहले प्रदेश मंत्री रहीं) नंदिता पाठक उपाध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा उपाध्यक्ष निशांत खरे उपाध्यक्ष प्रभुलाल जाटव उपाध्यक्ष लता वानखेड़े महामंत्री (पहले प्रदेश मंत्री रही)।

## खरीफ 2025–26 के लिए दलहन–तिलहन की बड़ी खरीद योजनाओं को मंजूरी

पीआईबी

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने खरीफ सीजन 2025-26 के लिए तेलंगाना, ओडिशा, महाराष्ट्र तथा मध्य प्रदेश में दालों एवं तिलहनों की खरीदी योजनाओं को मंजूरी दी है। इन राज्यों के लिए स्वीकृत कुल खरीद राशि 15095.83 करोड़ है, जिससे संबंधित राज्यों के लाखों किसानों को व्यापक लाभ मिलेगा। आज इन राज्यों के कृषि मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय वर्चुअल बैठक में केंद्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह ने प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (PM-AASHA) सहित कृषि एवं किसान कल्याण की योजनाओं के तहत ये स्वीकृतियां प्रदान की।

बैठक में चर्चा के बाद केंद्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने तेलंगाना राज्य में मूंग (ग्रीन ग्राम) की कुल 4,430 मीट्रिक टन (जो राज्य उत्पादन का 25% है) खरीद मूल्य समर्थन योजना (PSS) के अंतर्गत 38.44 करोड़ की राशि पर स्वीकृति दी। उड़द (ब्लैकग्राम) की शत-प्रतिशत खरीद होगी, वहीं सोयाबीन की 25 प्रतिशत खरीद की स्वीकृति दी गई है। इसी प्रकार, ओडिशा राज्य में अरहर (रेड ग्राम) की 18,470 मीट्रिक टन (राज्य उत्पादन का 100%) खरीद को PSS के तहत 147.76 करोड़ के बजट के साथ मंजूरी दी है। महाराष्ट्र में केंद्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह ने मूंग (ग्रीन ग्राम) की 33,000 मीट्रिक टन, उड़द (ब्लैक ग्राम) की 3,25,680 मीट्रिक टन और सोयाबीन की 18,50,700 मीट्रिक टन कुल मात्रा को PSS के अंतर्गत क्रमशः 289.34 करोड़, 2540.30 करोड़ और 9,860.53 करोड़ की कुल लागत पर मंजूरी दी है। इसके अलावा, मध्य प्रदेश में खरीफ 2025–26 के दौरान सोयाबीन की 22,21,632 मीट्रिक टन की मूल्य अंतर भुगतान योजना (PDPS) के तहत लागू होगी, जिसके लिए 1,775.53 करोड़ के वित्तीय प्रभाव की स्वीकृति केंद्रीय मंत्री श्री चौहान ने दी।




## सरदार पटेल की जयंती : रन फॉर यूनिटी में हिस्सा लेने के लिए पीएम मोदी ने देशवासियों से की खास अपील

**नई दिल्ली।** देश के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती इस वर्ष विशेष रूप से मनाई जा रही है। उनके 150वें जन्म वर्ष के उपलक्ष्य में देशभर में रन फॉर यूनिटी का आयोजन 31 अक्टूबर को किया जाएगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से इसमें हिस्सा लेने के लिए अपील की है। पीएम मोदी ने एकता दिवस पर एकता दिवस भारत के आधिकारिक एक्स अकाउंट द्वारा पोस्ट किए गए एक वीडियो को रिपोस्ट करते हुए लिखा, 31 अक्टूबर को रन फॉर यूनिटी में शामिल हों और एकजुटता की भावना का जश्न मनाएं! आइए, सरदार पटेल के अखंड भारत के सपने का सम्मान करें।रन फॉर यूनिटी हर वर्ष राष्ट्रीय एकता दिवस पर आयोजित किया जाता है।

## जबलपुर पहुंचे सीएम डॉ मोहन यादव, रोड शो में शामिल हुए, पीएम कॉलेज ऑफएक्सीलेंस का किया भूमिपूजन

पीआईबी

जबलपुर. एमपी के सीएम डॉ मोहन यादव आज दोपहर को जबलपुर पहुंचे. यहां मुख्यमंत्री का कलेक्टर बंगले से महाकौशल तक करीब 200 मीटर का रोड शो हुआ. इस दौरान इस दौरान संभागायुक्त धनंजय सिंह, कलेक्टर राघवेंद्र सिंह, पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय, नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे. मुख्यमंत्री ने यहां सिविल लाइन स्थित पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंज का भूमिपूजन किया. सीएम श्री यादव 4 बजकर 30 मिनट पर जबलपुर डुमना एयरपोर्ट पहुंचे, जहां लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने उनका स्वागत किया. इसके बाद सीएम यहां से सिविल लाइन स्थित महाकौशल कॉलेज पहुंचकर अन्य कार्यक्रम में भी शामिल हुए. प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री मोहन यादव जबलपुर में सिविल लाइन स्थित प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंसए शासकीय महाकौशल महाविद्यालय में आयोजित समारोह में नव निर्मित नवीन शैक्षणिक भवन के लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया।



**देश** | ट्रॉलर से आने वाले दिनों में भारत की मत्स्य संपदा संभावनाओं का दोहन करने की क्षमता बढ़ेगी

## मत्स्य क्षेत्र में सहकारिता, गरीब मछुआरों की समृद्धि का माध्यम बनेगी

पीआईबी

केंद्रीय गृह मंत्री एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने मझगांव डॉक, मुंबई में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत 'गहन सागरीय मत्स्य नौकाओं' का लोकार्पण किया। इस अवसर पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री श्री देवेंद्र फड़णवीस, उप मुख्यमंत्री श्री एकनाथ शिंदे और श्री अजीत पवार, तथा केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री श्री मुरलीधर मोहोल भी उपस्थित थे।

अपने सम्बोधन में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में यह भारत के समुद्री मत्स्य पालन क्षेत्र के आधुनिकीकरण और तटीय क्षेत्रों में सहकारिता-आधारित विकास को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार 'आत्मनिर्भर भारत' के दृष्टिकोण को साकार करने और ब्लू इकोनॉमी को मजबूत कर सहकारिता क्षेत्र की क्षमता का उपयोग करने के लिए कटिबद्ध है। श्री अमित शाह ने कहा कि आज जिन 2 ट्रॉलर का लोकार्पण हुआ है उससे आने वाले दिनों में न केवल भारत की मत्स्य संपदा संभावनाओं का दोहन करने की क्षमता बढ़ेगी बल्कि सहकारिता के माध्यम से मत्स्य उद्योग का मुनाफा मेहनत करने वाले हमारे गरीब मछुआरों के घर में पहुंचेगा। सहकारिता मंत्री ने कहा कि अभी ट्रॉलर पर मछली पकड़ने का कार्य करने वाला व्यक्ति तनख्वाह पर काम करता है लेकिन अब कॉपरेटिव बेसिस पर ट्रॉलर से मछली पकड़ने से होने वाला पूरा मुनाफा पर हर मछली पकड़ने वाले के घर में पहुंचेगा। श्री शाह ने कहा कि अभी तो इस तरह के 14 ट्रॉलर दिए जाऐंगे परन्तु केन्द्र सरकार, सहकारिता मंत्रालय और मत्स्य विभाग आने वाले समय में और भी ट्रॉलर मछली पकड़ने वाले भाइयों को कॉपरेटिव बेसिस पर देंगे।



## भारतीय नौसेना में तीसरे सर्वेक्षण पोत (बड़ा) 'ईक्षक' को शामिल किया जाएगा

### यह कमीशनिंग देश की हाइड्रोग्राफिक उत्कृष्टता और स्वदेशीकरण की खोज में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है

पीआईबी

भारतीय नौसेना के स्वदेशी रूप से निर्मित सर्वेक्षण पोत (बड़ा), ईक्षक को 6 नवंबर 2025 को नौसेना बेस कोच्चि में शामिल किया जाना है। समारोह की अध्यक्षता नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी करेंगे।

अपनी तरह के तीसरे जहाज के रूप में, ईक्षक का प्रेरण उन्नत, अत्याधुनिक प्लेटफार्मों के निर्माण के लिए भारतीय नौसेना की दृढ़ प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है, जो क्षमता वृद्धि और आत्मनिर्भरता की गति को आगे बढ़ाता है। यह स्वदेशी हाइड्रोग्राफिक्र उत्कृष्टता में एक उपलब्धि है।



गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) लिमिटेड, कोलकाता द्वारा जहाज उत्पादन निदेशालय और युद्धपोत देखरेख टीम (कोलकाता) की देखरेख में, ईक्षक 80 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री का प्रतीक है। यह पोत जीआरएसई और भारतीय एमएसएमई के बीच सफल सहयोग का मिशाल है, जो आत्मनिर्भर भारत की भावना और ताकत को गर्व से दर्शाता है। हाइड्रोग्राफिक्र सर्वेक्षण संचालन की अपनी प्राथमिक भूमिका से परे, ईक्षक को दोहरी भूमिका क्षमता के साथ डिजाइन किया गया है, जो मानवीय सहायता और आपदा राहत (एचएडीआर) मंच के रूप में और आपात स्थिति के दौरान अस्पताल के जहाज के रूप में सेवा करता है। ईक्षक, विशेष रूप से महिलाओं के लिए समर्पित आवास के साथ पहला एसवीएल जहाज भी है, जो भविष्य के तैयार बेड़े के प्रति भारतीय नौसेना के समावेशी और प्रगतिशील दृष्टिकोण को दर्शाता है। जहाज का नाम, ईक्षक, जिसका अर्थ है 'द गाइड', उपयुक्त रूप से उसके मिशन - अज्ञात को चार्ट करने, नाविकों के लिए सुरक्षित मार्ग सुनिश्चित करने और देश की समुद्री शक्ति को मजबूत करने के लिए प्रतीक है ।

## भारत के खिलाफबंग्लादेश ने रची बड़ी साजिश, पाक को गिफ्ट किया हिंदुस्तान के हिस्से वाला मैप



एजेंसी

बांग्लादेश के अंतरिम प्रमुख मुहम्मद यूनुस ने एक बार फिर भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र के मुद्दे पर दखल देकर कूटनीतिक बेचैनी पैदा कर दी है। इस बार, यूनुस को एक पाकिस्तानी जनरल को एक विवादास्पद नक्शा दिखाते हुए देखा गया, जिसमें असम और अन्य पूर्वोत्तर राज्यों को बांग्लादेश का हिस्सा दिखाया गया है। यह तब हुआ जब पाकिस्तान के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ कमेटी के अध्यक्ष जनरल साहिर शमशाद मिर्जा ने सप्ताहांत में ढाका का दौरा किया और यूनुस से मुलाकात की। यह मुलाकात ऐसे समय में हुई जब दोनों देशों के बीच संबंधों में गर्मजोशी आ रही है, जिनके संबंध 1971 के मुक्ति संग्राम के बाद से ऐतिहासिक रूप से तनावपूर्ण रहे हैं।

लोकशक्ति
www.lokshakti.in

# छत्तीसगढ़ में 3.5 लाख बच्चों के आधार पर मंडराया खतरा, बिना क्यूआर कोड वाले पुराने जन्म प्रमाण पत्र मान्य नहीं

## 0 2018 से 2020 के बीच 6.16 लाख जन्म प्रमाण पत्र के आवेदन आए

संवाददाता । लोकशक्ति

**रायपुर,** । छत्तीसगढ़ के ग्रामीण इलाकों में लाखों परिवार अपने बच्चों के आधार कार्ड अपडेट कराने के लिए दिक्कतों का सामना कर रहे हैं। वजह यह है कि अब पुराने मैनुअल जन्म प्रमाण पत्र आधार के लिए मान्य नहीं हैं। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने स्पष्ट कर दिया है कि केवल क्यूआर कोड वाले डिजिटल जन्म प्रमाण पत्र ही स्वीकार किए जाएंगे। इस बदलाव के चलते करीब 3.5 लाख बच्चों के आधार कार्ड बनाने की प्रक्रिया रुक गई है।




### सर्वर धीमा

राज्य में वर्ष 2018 से 2020 के बीच लगभग 6.16 लाख जन्म प्रमाण पत्र के आवेदन आए थे, जिनमें से 5.15 लाख प्रमाण पत्र जारी किए गए। इनमें से ज्यादातर ग्रामीण क्षेत्रों के करीब 3.5 लाख प्रमाण पत्र क्यूआर कोड रहित हैं। अब इन परिवारों को पहले डिजिटल जन्म प्रमाण पत्र बनवाना होगा, जिसके बाद ही आधार प्रक्रिया पूरी हो सकेगी। यह प्रक्रिया न केवल लंबी है बल्कि तकनीकी दृष्टि से भी चुनौतीपूर्ण साबित हो रही है। पंचायत स्तर पर सर्वर की धीमी रफ्तार और कर्मचारियों की सीमित तकनीकी जानकारी से काम और अधिक धीमा हो गया है।

### क्यूआर कोड के साथ जारी जन्म प्रमाण पत्र

सांख्यिकी विभाग के अधिकारियों के अनुसार, वर्ष 2021 के बाद से सभी जन्म प्रमाण पत्र केंद्र सरकार के पोर्टल से क्यूआर कोड सहित जारी किए जा रहे हैं। इसके बावजूद कई पंचायतों में जानकारी की कमी और नेटवर्क की सुस्ती के चलते अब भी मैनुअल प्रमाण पत्र जारी किए जा रहे हैं, जिससे बच्चों के आधार कार्ड बनवाने में अड़चन आ रही है।

गांवों के अभिभावक बताते हैं कि उनके बच्चों ने इन्हीं पुराने प्रमाण पत्रों के आधार पर स्कूलों में दाखिला लिया था। अब स्कूलों द्वारा आधार अनिवार्य किए जाने के बाद वे नई समस्या में फंस गए हैं. कई जगह पोर्टल के धीमे चलने और रिकॉर्ड के मेल न खाने से डिजिटल प्रमाण पत्र समय पर नहीं बन पा रहे हैं।

### रिकॉर्ड मेल नहीं खाते, उन्हें सुधार करवाना होगा

योजना एवं सांख्यिकी विभाग के उप संचालक याकूब कुजूर के अनुसार, जिन परिवारों के पास मैनुअल प्रमाण पत्र हैं, उन्हें उसी स्थान पर जाकर नया क्यूआर कोड वाला डिजिटल जन्म प्रमाण पत्र बनवाना होगा। जिनके रिकॉर्ड मेल नहीं खाते, उन्हें पहले सुधार करवाना होगा, तभी नया प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा।

# प्रतिबंधित कैप्सूल और इंजेक्शन एम्पुल बेचने के लिए ग्राहक का इंतजार करने वाले के साथ एक सप्लायर गिरफ्तार

## बस्तर पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला बनकर बनाकर भेजा गया जेल

**जगदलपुर,।** बस्तर एसपी शलभ कुमार सिन्हा के नेतृत्व में अपराधिक तत्वों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही किया जा रहा है। इसी तारतम्य मे प्रतिबंधित नशीली केप्सूल एवं इंजेक्शन एम्पुल बिक्री करने के लिए ग्राहक का इंतजार करने वाले एक आरोपी सहित एक सप्लायर को बड़ी खेप के गिरफ्तार करने में बस्तर पुलिस को सफलता मिली है।

थाना बोधघाट को, मुखबिर सूचना मिला कि एक व्यक्ति इंडस्ट्रियल एरिया बालाजी फर्नीचर के पास खड़ा होकर प्रतिबंधित नशीली दवाई केप्सूल बिक्री करने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहा है। सूचना पर तत्काल पुलिस ने एसपी के दिशानिर्देशन में एएसपी माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन एवं सीएसपी सुमित कुमार डी धोत्रे के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बोधघाट लीलाधर राठौर के नेतृत्व में तत्काल कार्यवाही हेतु टीम तैयार किया गया, उक्त टीम के द्वारा मुखबिर के बताये स्थान में जाकर संदेही की तस्दीक किया गया, संदेही मिलने से नाम पता पूछने पर अपना नाम धरम साहू पिता प्रेमू दास साहू निवासी पनारा पारा जगदलपुर का रहने वाला बताते हुए अपने कब्जे से बिक्री करने के लिए रखे एक प्लास्टिक थैला में प्रतिबंधित नशीली केप्सूल पाईवोन स्पॉस प्लस/ट्रामाडोल कुल 600 नग किमती 4,940/ रूपये को अम्बागुडा जिला कोरापुट में स्थित तूफान मेडिकल के संचालक से खरीद कर लाना बताया जिसे मौके पर समक्ष गवाहों के पूछताछ कर जप्त करने पश्चात उक्त आरोपी के निशानदेही पर सप्लायर शेख मोहम्मद हसन पिता शेख तूफान।

# भाजपा तिलई मंडल राज्योत्सव के लिए तैयार

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे कार्यकर्ता

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ के 25वें स्थापना दिवस रजत जयंती राज्योत्सव के अवसर पर आगामी 01 नवंबर 2025 को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदी जी का नया रायपुर आगमन होने जा रहा है। उनके कर कमलों से राज्योत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ एवं नवीन विधानसभा भवन का लोकार्पण संपन्न होगा।



इसी सिलसिले में प्रदेश एवं जिला भाजपा अध्यक्ष के निर्देशानुसार भाजपा तिलई मंडल की एक बैठक मंडल अध्यक्ष परदेशी सोनबोईर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिला भाजपा उपाध्यक्ष एवं बैठक प्रभारी श्री तरुण लहरवानी, जिला मीडिया प्रभारी श्री रवि सिन्हा तथा सहप्रभारी एवं जिला पंचायत सभापति श्रीमती शीला टाकेश सिन्हा विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

बैठक में वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं से राज्योत्सव कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर प्रधानमंत्री का भव्य स्वागत करने का आह्वान किया। मंडल अध्यक्ष परदेशी सोनबोईर ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई जी ने किया था, और 2003 से 2018 तक डॉ. रमन सिंह जी के नेतृत्व में प्रदेश ने अभूतपूर्व विकास किया। अब मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी के नेतृत्व में विकसित छत्तीसगढ़ का विज़न साकार हो रहा है।

मंडल महामंत्री यशवंत वर्मा ने आश्वस्त किया कि सभी कार्यकर्ता प्रधानमंत्री के स्वागत हेतु भारी संख्या में रायपुर पहुंचेंगे।

### बैठक में मुख्य रूप से –

तरुण लहरवानी, रवि सिन्हा, शीला टाकेश सिन्हा, प्रतिमा पप्पू चंद्राकर, अनिता सिन्हा, मंजू चंदेल, संकेत वैष्णव, ललिता साहू, गंगादास वैष्णव, गोपी साहू, राकेश साहू, यशवंत वर्मा, अजय ठाकुर, राजेश्वरी साहू, माहेश्वरी साहू, संगीता साहू, शारदा साहू, ईश्वर साहू, टीका साहू, टाकेश सिन्हा, मोहन साहू, चंद्रशेखर यदु, पंकज वर्मा, हेमंत लहरे, दधिबल वर्मा, रवि वर्मा, नीलाभ यदु, राजकुमार देवांगन, संतोष साहू, कैलाश वर्मा, गिरवर साहू, बिसन साहू, संजय टंडन, सोनसाय साहू, महेन्द्र साहू, लेखू साहू, टुकेश साहू, ललित यादव, दुर्गा प्रसाद साहू, कृपा राम साहू, बलराज साहू, महेश सेना, शत्री साहू, मुरारी साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# छत्तीसगढ़ में फिल्म सिटी का निर्माण करना मेरी प्राथमिकता– मोना सेन

## फिल्म विकास निगम गांव गांव में थियेटर बनाने पर करेगा विकास

**रायपुर,** छग फिल्म विकास निगम की नवनियुक्त अध्यक्ष मोना सेन ने कहा कि छग के निर्माता निर्देशक सहित सभी पक्षों से बातचीत कर फिल्म सिटी और सब्सिडी मेरी प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि मै छग फिल्म इंडस्ट्रीज का नाम ऊंचा करना चाहती हूं। हमारे संवाददाता से बातचीत करते हुए उन्होंने बताया कि फिल्म सिटी का निर्माण करना गांव गांव में थियेटर बनाना ताकि हमारी फिल्में इनके पहुंच में हो। हम सभी मुद्दों के लिए सरकार और इंडस्ट्रीज दोनों मिलकर ठोस हल निकालेंगे। उन्होंने कहा कि फिल्म विकास निगम सबके लिए है सभी को सम्मान और सामान अवसर प्रदान किया जाएगा।



उन्होंने कहा कि फिल्म हिट या असफल हो इस पर सुधार किया जाएगा। मोना सेन ने कहा कि मैं प्रदेश के मुख्यमंत्री और संगठन के प्रति आभार व्यक्त करना चाहती हूं उन्होंने मेरे दायित्वों के लिए यह पद दिया है। आपकी बहन को प्रस्ताव मिला था जिसमें उन्होंने इस संबंध में कोई निर्णय नहीं लिया है। उन्होंने कहा कि किसी को भी कोई तकलीफ न हो मैं संतुलन बनाकर काम करूंगी।

# ग्राम अंजोरा, पीसेगांव, चिंगरी मे आयोजित मातर महोत्सव व सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल हुए दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर

दुर्ग संवाददाता।

दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत अंजोरा , पीसेगांव, चिंगरी में मातर महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया साथ ही रात में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कलाकारों ने मंत्रमुग्ध प्रस्तुति से समाबांधा। अंजोरा में कंचन जोशी, पीसेगांव मे लोक अनुहार चिंगरी मे लोकतिहार ने अनुपम प्रस्तुति प्रदान किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर शामिल हुआ और मां लक्ष्मी भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर, विधायक चंद्राकर ने प्रदेश वासियों की खुशहाली की कामना की।दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने बताया कि कार्तिक शुक्ल द्वितीय तिथि को छत्तीसगढ़ में जगह जगह मातर तिहार उमंग व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। इस दिन सुबह के समय यादव समाज के लोग नाचते एवं जोश भरे अंदाज में उमंग के साथ उछ्ल उछ्ल कर प्रेरक दोहा पारते हुए मातर ठौर पहुंचते है, जहां पर खोड़हर गड़ाकर इसकी पूजा की जाती है। साथ ही गौधन को सोहई बांधकर खोड़हर के चारो ओर घुमाया जाता है इसे छत्तीसगढ़ी में दांड़ खेलाना कहते है। इस दौरान यादव समाज के लोग अखाड़ा कला के माध्यम से अपने शौर्य का प्रदर्शन भी करते हैं। दांड़ खेलाने पश्चात यादव समाज के लोग ठाकुर जोहारने चले जाते है। शाम को अपने घरों में अपने कुल देवी देवता की पूजा कर यादव समाज के लोग दोहा पारते निकलते है जिसे छत्तीसगढ़ी में काछ्न निकलना कहते हैं। श्री चंद्राकर ने बताया कि काछ्न निकलते समय इस प्रकार के दोहा पारे जाते हैं एक काछ काछंव रे भेड़ा, अऊ दूसर दिए ले माई। तीसर काछ काछंव रे भेड़ा, मोर देवी देवता के पड़े दुहाई। इस तरह यादव समाज के लोग अपने अपने घरों से काछ्न निकलकर मस्ती भरे अंदाज में उमंग व जोश के साथ नाचते व दोहा पारते पुनः शाम को मातर ठौर पहुंचे जहां यादव समाज के लोगों द्वारा शौर्य कला प्रदर्शन उपरांत अंत में खीर, दूध आदि का प्रसादी के रूप में वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया जाता हैं । यह लोक पर्व धर्म आस्था का अनुपम संगम रहता है।श्री चंद्राकर ने कहा कि दीप उत्सव के कार्यक्रम दौरान मां लक्ष्मी मूर्ति स्थापित कर पूजा अर्चना किया गया आज धूम धाम से शोभा यात्रा निकला कर विसर्जन किया जा रहा है चारों तरफ खुशहाली का माहौल है सब के जीवन में खुशियां लेकर आए यही कामना मां लक्ष्मी जी है।

# तखतपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई : जुआ खेलते 13 लोग गिरफ्तार

तखतपुर। (संवाददाता

तखतपुर पुलिस ने जुए के खिलाफचलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर छापा मारकर जुआ खेलते हुए कुल 13 लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 8,410 रुपये नकद और ताश के पत्ते जब्त किए गए हैं। ?थाना प्रभारी विवेक पाण्डेय के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार, 18 अक्टूबर 2025 को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम नगोई और नवापारा जरौंधा में कुछ लोग सार्वजनिक स्थानों पर पैसों का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। ?

सूचना मिलते ही थाना प्रभारी ने वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया और तत्काल एक टीम बनाकर मुखबिर द्वारा बताए गए स्थानों पर घेराबंदी कर छापेमारी की गई। पुलिस ने मौके से तीन अलग-अलग प्रकरणों में कुल 13 जुआरियों को रंगे हाथों पकड़ा। ?कार्रवाई के दौरान जुआ फड़ और आरोपियों के पास से नकद 8,410 रुपये, 52 पत्ती ताश और जुआ खेलने के लिए इस्तेमाल की जा रही पट्टी बोरी जब्त की गई। गिरफ्तार किए



गए सभी 13 आरोपियों के खिलाफ अपराध क्रमांक 603, 604 और 605/2025 के तहत छत्तीसगढ़ जुआ अधिनियम की धारा 3 (2) के तहत मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की गई है। गिरफ्तार आरोपियों में ग्राम नवापारा जरौंधा से:

# एनआईटी रायपुर में 31 अक्टूबर तक मनाया जाएगा सतर्कता जागरूकता सप्ताह

रायपुर, संवाददाता।

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) रायपुर में सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 का आयोजन 27 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2025 तक किया जाएगा। यह आयोजन केंद्रीय सतर्कता आयोग, भारत सरकार के निर्देशानुसार किया जा रहा है। इस वर्ष का विषय सतर्कता : हमारी साझा जिम्मेदारी निर्धारित किया गया है, जो ईमानदारी, पारदर्शिता और नैतिक मूल्यों को सुदृढ़ करने तथा संस्थान के प्रत्येक सदस्य में सामूहिक सतर्कता की भावना को प्रोत्साहित करने का संदेश देता है। यह सप्ताह भर चलने वाला कार्यक्रम संस्थान के मुख्य सतर्कता अधिकारी डॉ. प्रभात दीवान के मार्गदर्शन में आयोजित किया जाएगा।

कार्यक्रम की शुरुआत 27 अक्टूबर को सतर्कता शपथ के साथ होगी, जिसमें एनआईटी रायपुर के निदेशक डॉ. एन. वी. रमना राव सभी शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों को भ्रष्टाचार उन्मूलन तथा पारदर्शिता के संकल्प की शपथ दिलाएंगे। इसके उपरांत 28 अक्टूबर को पारदर्शी शासन के महत्व पर एक विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित किया जाएगा, जिसमें श्री हिमांशु जैन, मुख्य सतर्कता अधिकारी, साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड, बिलासपुर मुख्य वक्ता के रूप में अपने विचार साझा करेंगे। उसी दिन फैकल्टी सदस्यों, अधिकारियों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों के लिए निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, जबकि 29 अक्टूबर को विद्यार्थियों के लिए वाद-विवाद प्रतियोगिता होगी, जिससे उन्हें सतर्कता और उत्तरदायित्व पर अपने विचार प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा। इसके बाद 30 अक्टूबर को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सतर्कता से जुड़े सामाजिक मुद्दों को रचनात्मक और प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया जाएगा। सप्ताह का समापन 31 अक्टूबर को समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के साथ होगा, जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा। सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 के तहत आयोजित इन विविध गतिविधियों का उद्देश्य विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों में भ्रष्टाचार के प्रति संवेदनशीलता, उत्तरदायित्व और नैतिक आचरण के प्रति जागरूकता को सुदृढ़ करना है।

# धान खरीदी के पूर्व सम्पूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु कलेक्टर ने ली बैठक

सूरजपुर, संवाददाता।

खरीफविपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन दिनांक 15 नवम्बर से किया जाना है। जिसके संबंध में धान खरीदी की निगरानी, नियंत्रण, बारदाना व्यवस्था एवं व्यवस्थित खरीदी हेतु जिले के समस्त 54 धान उपार्जन केद्रों के लिए जिला नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इस के लिए आज कलेक्टर एस.जयवर्धन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में बैठक का आयोजन किया गया था।



बैठक में समस्त धान उपार्जन केद्रों के नोडल अधिकारी, खरीदी प्रभारी एवं कंप्यूटर ऑपरेटर को धान उपार्जन की आरंभिक तैयारी के संबंध में विस्तृत प्रषिक्षण दिया गया। धान उपार्जन केंद्रों के नोडल अधिकारियों को पात्र किसानों से निर्धारित गुणवत्ता (FAQ) का धान उपार्जन करने, बोरे की मानक स्टेकिंग करने, कोचिंये एवं बिचौलिओं के द्वारा धान खपाने से रोक लगाये जाने तथा नियमित भौतिक सत्यापन एप्प के माध्यम से धान के स्टॉक का वेरिफिकेशन करने के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। बैठक में गिरदावरी हेतु आबंटित खसरे के निरीक्षण भौतिक सत्यापन एप्प के माध्यम से किए जाने के निर्देश दिए गए। सभी नोडल अधिकारियों को आबंटित उपार्जन केद्रों का निरीक्षण 28 अक्टूबर तक कर 33 बिंदुओं के चेक लिस्ट के आधार पर की गई तैयारी की जानकारी चेक लिस्ट तथा भौतिक सत्यापन एप्प के माध्यम से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही उपार्जन केंद्र प्रभारी तथा कंप्यूटर ऑपरेटर को समितिवार एग्रीस्टैक पंजीयन में /व्यक्तिगत जानकारी अप्राप्त किसानों तथा कैरी फॉरवर्ड नहीं किए गए किसानों के संबंध में विस्तृत समीक्षा किया गया। समिति में धान उपार्जन के नवीन समिति सॉफ्टवेयर, टोकन तुंहर हाथ एप्प तथा सतर्क एप्प के बारे में जानकारी दिया गया। टोकन तुंहर हाथ एप्प के माध्यम से किसान अपना टोकन स्वयं ही जारी कर सकते हैं।

जिसमें किसान को अपना किसान कोड दर्ज करना होगा तथा पंजीयन हेतु उनके आधार से संबद्ध मोबाइल नंबर पर ओटीपी प्राप्त होगा। जिससे वह एप्प पर पंजीयन करके अपनी सुविधा अनुसार टोकन जारी कर सकते हैं। अगर किन्ही किसानों के द्वारा एक से अधिक गांव में धान का खेती किया गया है तो उनको टोकन जारी करने के दौरान अलग-अलग गांव का नाम चुनकर टोकन जारी करने का विकल्प चयन करना होगा। यह एप्प गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध है। इसके साथ ही राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में भी एकीकृत कमांड एंड कंट्रोल सेंटर का गठन अपर कलेक्टर महोदय की अध्यक्षता में किया गया है। जिनके द्वारा खरीदी के दौरान धान के रीसाइकलिंग रोकने, कोचिये/बिचौलियों के द्वारा धान खपाने से रोकने तथा धान के उठाव एवं परिवहन की निगरानी रखने के लिए राज्य स्तरीय एकीकृत कमांड एंड कंट्रोल सेंटर के समन्वय में काम करेगें। जिला एकीकृत कमांड एंड कंट्रोल सेंटर द्वारा शिकायत या संग्दिध गतिविधि पाये जाने पर तहसील स्तरीय जांच दल को निराकरण हेतु शिकायत की जानकारी उपलब्ध कराया जाएगा। जो संवेदनशील केद्रों में 48 घंटे के भीतर समस्या का निराकरण कर सतर्क एप्प के माध्यम से ऑनलाइन निराकरण अपलोड करेंगे जिसकी निगरानी राज्य स्तरीय एकीकृत कमांड एंड कंट्रोल सेंटर के द्वारा किया जावेगा। उपार्जन केन्द्र प्रभारीयों को धान खरीदी के आरंभिक तैयारी हेतु 35 बिंदुओं के आधार पर उपार्जन केंद्र में समस्त तैयारी पूर्ण कराने का निर्देष दिया गया।

# ग्राम सुखताल में युवक की हत्या के मामले में कबीरधाम पुलिस ने मात्र दो घंटे में आरोपी हिरासत में लिया

**कबीरधाम,** । ग्राम सुखताल, थाना कवर्धा क्षेत्र में हत्या की सूचना प्राप्त हुई थी। जिस पर प्रार्थी मुकेश वर्मा पिता देवदत्त, उम्र 28 वर्ष, निवासी ग्राम सुखताल ने बताया कि रात में उनके घर के पास परछी में अज्ञात व्यक्ति ने मारपीट कर एक व्यक्ति को गंभीर चोट पहुँचाई। घटना के दौरान परिवार भयभीत था और उन्होंने चुपचाप खिड़की से देखा। घायल व्यक्ति मेन गेट के सामने खून से लथपथ पड़ा मिला और गंभीर चोट के कारण उसकी मृत्यु हो गई। मृतक की पहचान विनोद साहू पिता मोहित साहू, उम्र 27 वर्ष, निवासी ग्राम सिंघनपूरी, चौकी पोड़ी, थाना बोड़ला के रूप में हुई। प्रारंभिक जांच में पता चला कि मृतक का अपने ही चाचा, आरोपी विश्वनाथ साहू पिता सोनू राम, उम्र 35 वर्ष, निवासी ग्राम सिंघनपूरी, चौकी पोड़ी, थाना बोड़ला के परिवार की महिला सदस्य के साथ अवैध संबंध को लेकर विवाद हुआ। इसी आपसी विवाद में आरोपी ने गुस्से में आकर मृतक पर चाकू से वार किया, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही थाना कवर्धा



पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मात्र दो घंटे के भीतर आरोपी को हिरासत में लिया। आरोपी से पूछताछ जारी है और अग्रिम वैधानिक कार्यवाही तेजी से की जा रही है। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह (IPS) के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल के मार्गदर्शन तथा डीएसपी कृष्णा चंद्राक के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी निरीक्षक योगेश कश्यप, साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक महेश प्रधान एवं टीम द्वारा संपन्न हुई। इस कार्यवाही में थाना कोतवाली से उप निरीक्षक रघुवंश पाटिल, सहायक उप निरीक्षक कौशल साहू, राजकुमार चंद्रवंशी, आरक्षक अजय वैष्णव, हिरेंद्र साहू, संतोष बांधेकर, धर्मेंद्र मरावी एवं साइबर सेल की टीम का विशेष योगदान रहा।

समारोह में भजन सिंगर हंसराज रघुवंशी, बॉलीवुड सिंगर भूमि त्रिवेदी, आदित्य नारायण, अंकित तिवारी और अंतिम दिन कैलाश खेर देंगे प्रस्तुति

# राज्योत्सव में 5 बॉलीवुड सिंगर के साथ 1000 छत्तीसगढ़ी कलाकार बिखेरेंगे जादू






रायपुर, संवाददाता।

छत्तीसगढ़ रजत जयंती वर्ष में राज्योत्सव को धूम-धाम तरीके से मनाने की तैयारी कर रहा है। राज्योत्सव में हर दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। मुख्य मंच के अतिरिक्त राज्योत्सव स्थल पर बने शिल्प ग्राम में भी करीब 1 हजार छत्तीसगढ़ी कलाकर अपनी अलग-अलग प्रस्तृति देंगे। समारोह में भजन सिंगर हंसराज रघुवंशी, बॉलीवुड सिंगर भूमि त्रिवेदी, आदित्य नारायण, अंकित तिवारी और अंतिम दिन कैलाश खेर अपनी आवाज का जादू बिखरेंगे।

राज्योत्सव का उद्घाटन 1 नवम्बर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे। यही वजह है कि प्रधानमंत्री की गरिमा के अनुरुप पूरे कार्यक्रम की तैयारी की जा रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय स्वयं राज्योत्सव व प्रधानमंत्री से जुड़े अन्य कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया और अधिकारियों को गंभीरत से कार्य करने की हिदायत दी।

**पीएम के रूट पर सांस्कृतिक दलों की प्रस्तुति**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 31 अक्टूबर की रात छत्तीसगढ़ आएंगे। उनके स्वागत के लिए राजधानी के चौक-चौराहों को 12 थीम में तैयार किया गया है। हर चौराहे पर एक सांस्कृतिक दल मौजूद रहेगा, जो सरगुजा से लेकर बस्तर तक की पारंपरिक झलक पेश करेगा। इसके अलावा राज्योत्सव स्थल के परिक्रमा पथ पर सांस्कृतिक कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे।

## इंदिरा मार्केट में नवनीत ड्राई फ्रूटस की दुकान में लगी आग, अग्निशमन दल की तत्परता से टली बड़ी घटना



दुर्ग, । शनिवार की रात्रि लगभग 12:30 बजे इंदिरा मार्केट स्थित नवनीत ड्राई फ्रूटस की दुकान में अचानक आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलते ही सूचक द्वारा तत्काल अग्निशमन कार्यालय दुर्ग को खबर दी गई। सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर तेजी से रवाना हुई।

थाना क्षेत्र दुर्ग सिटी कोतवाली के अंतर्गत घटित इस घटना में अग्निशमन दल के कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर शटर तोड़कर अंदर प्रवेश किया और बड़ी मशक्कत के बाद एक गाड़ी पानी से आग पर नियंत्रण पाया। उनकी तत्परता से आग को आसपास की अन्य दुकानों तक फैलने से रोक लिया गया। अग्निशमन विभाग के अनुसार, आग लगने का कारण फिलहाल अज्ञात है। घटना की जांच पुलिस द्वारा की जा रही है। इस अभियान का नेतृत्व जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी नागेंद्र कुमार सिंह के निर्देशन में दलप्रभारी महेंद्र चंदेल ने किया। मौके पर फायर कर्मी मुख्तार अली, धर्मेन्द्र साहू और राजेश साहू ने बहादुरी से आग पर काबू पाया। अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि दल की तत्परता और टीमवर्क से बड़ी घटना टल गई और किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

## पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री राजेश अग्रवाल ने नए कॉलेज भवन का किया भूमिपूजन



### नए कॉलेज भवन का किया भूमिपूजन

**रायपुर,** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री राजेश अग्रवाल ने नए कॉलेज भवन का किया भूमिपूजन

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री राजेश अग्रवाल ने सरगुजा जिले के लखनपुर तहसील के ग्राम हंसडांड में 4 करोड़ 65 लाख रुपये की लागत से बनने वाले शासकीय महाविद्यालय भवन का भूमि पूजन किया। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि ''सरकार की प्राथमिकता है कि हमारे क्षेत्र के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर भविष्य इसी परिसर में उपलब्ध हो। इस महाविद्यालय से बच्चों को कक्षा पहली से स्नातक तक पढ़ाई की सर्वश्रेष्ठ सुविधा एक ही स्थान पर मिलेगी। नवीन भवन से स्थानीय विद्यार्थियों को रोजगार से जोड़ने की दिशा में भी नई राह खुलेगी। शिक्षा का विस्तार ही सामाजिक विकास और आत्मनिर्भरता की सच्ची राह है''। स्थानीय जनप्रतिनिधियों व विद्यार्थियों ने सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वर्षों की पुरानी मांग पूरी होना क्षेत्र के युवाओं की आकांक्षाओं की जीत है। अब उन्हें सर्वसुविधायुक्त भवन और अच्छे वातावरण में पढ़ाई के साथ भविष्य संवारने का अवसर मिलेगा। ग्रामीणों ने कहा कि यह महाविद्यालय हमारे बच्चों के सपनों को नई उड़ान देगा और उन्हें अपने क्षेत्र में रहकर पढ़ाई व करियर बनाने की प्रेरणा देगा। भूमि पूजन के अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, ग्रामीणजन, विद्यार्थी एवं उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा तोड़ी, 24 घंटे के भीतर आरोपी गिरफ्तार



संवाददाता

**रायपुर (संवाददाता)।** राजधानी रायपुर में छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा तोड़फोड़ मामले में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। घटना के 24 घंटे के भीतर ही पुलिस ने आरोपी मनोज कुर्रे को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार आरोपी मानसिक रूप से कमजोर है और फिलहाल उसका मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है।

### VIP चौक पर हुई थी घटना

घटना तेलीबांधा थाना क्षेत्र के अंतर्गत VIP चौक की है, जहां शनिवार देर रात अज्ञात व्यक्ति ने छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा को खंडित कर दिया था। सुबह जब लोगों की नजर टूटी प्रतिमा पर पड़ी, तो पूरे शहर में आक्रोश और विरोध की लहर फैल गई। छत्तीसगढ़ क्रांति सेना समेत कई सामाजिक संगठनों ने प्रदर्शन करते हुए आरोपी की गिरफ्तारी और प्रतिमा की पुनर्स्थापना की मांग की थी।

### तीन विशेष टीमें लगाई गई थीं

प्रदर्शन और विरोध के बाद रायपुर पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तीन विशेष टीमें गठित कीं। पुलिस ने ष्टष्टञ्जङ्क फुटेज खंगालते हुए संदिग्ध की पहचान की और 24 घंटे के भीतर आरोपी मनोज कुर्रे को सोमवार सुबह राम मंदिर इलाके से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी सारंगढ़ के पुसौर क्षेत्र का रहने वाला बताया जा रहा है।

### आरोपी मानसिक रूप से अस्थिर

तेलीबांधा थाना प्रभारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में आरोपी मानसिक रूप से कमजोर प्रतीत हो रहा है। उसके खिलाफ मेडिकल जांच कराई जा रही है ताकि यह स्पष्ट हो सके कि घटना उसने जानबूझकर की या मानसिक अस्थिरता के कारण।

### बवाल के बाद नई प्रतिमा स्थापित

घटना के बाद छत्तीसगढ़ क्रांति सेना और अन्य संगठनों ने रविवार को VIP चौक पर प्रदर्शन और चक्काजाम किया था। इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प भी हुई। बढ़ते विवाद और तनाव के बीच प्रशासन ने सोमवार सुबह छत्तीसगढ़ महतारी की नई प्रतिमा स्थापित कर दी।

### पुलिस की अपील

रायपुर पुलिस ने नागरिकों से शांति बनाए रखने की अपील की है। अधिकारियों ने कहा कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है, अब किसी भी अफवाह या भड़काऊ संदेश पर विश्वास न करें।

## मिट्टी की झोपड़ी से पक्के घर तक : सन्ना गांव की महंती बेक की कहानी



### साय सरकार की पहल से ग्रामीण महिला का सपना हुआ साकार

**रायपुर,** साय सरकार की पहल से ग्रामीण महिला का सपना हुआ साकार

जशपुर जिले के बगीचा विकासखंड के सन्ना गांव की महंती बेक का वर्षों पुराना सपना, पक्के घर में रहने का आखिरकार साकार होने जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत उनके पति श्री सुनील के नाम से पक्के मकान की स्वीकृति मिली है और निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। मिट्टी और टिन की झोपड़ी में दुश्वारियों से जूझते परिवार के लिए अब स्थायित्व और सम्मान का अहसास मिलने जा रहा है।

महंती बेक कहती हैं कि ÷कभी बरसात में छत टपकती थी, सर्दी-गर्मी में झोपड़ी में परेशानी होती थी। पति के साथ मजदूरी कर बच्चों की परवरिश करना मुश्किल था। प्रधानमंत्री आवास योजना से गृह निर्माण हेतु आर्थिक सहायता मिली है और अब अपने नए घर की दीवारें खड़ी होते देख कर मुझे बहुत खुशी मिल रही है।÷

## एग्रीस्टैक पोर्टल में शेष किसानों के पंजीयन हेतु जिले के समितियों में शिविर जारी

कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में शत प्रतिशत किसानों का पंजीयन सुनिश्चित कराने राजस्व अधिकारी सहकारी समितियों में कार्यों का कर रहे हैं अवलोकन

बालोद, संवाददाता



**बालोद** जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न कराने एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन कराने हेतु शेष रह गए किसानों का पंजीयन का कार्य निरंतर जारी है। कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले के सभी सहकारी समितियों में शिविर का आयोजन कर शेष सभी कृषकों का एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन सुनिश्चित कराया जा रहा है। शिविर में खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 के ऐसे किसान जो एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीकृत है किंतु एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन हेतु शेष रह गए है, समिति स्तरीय शिविरो में ऐसे सभी कृषकों का एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन किया जा रहा है। इसके साथ ही ऐसे कृषक जो एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीकृत है किंतु उनका व्यक्तिगत जानकारी अप्राप्त है शिविरों में ऐसे सभी कृषकों की जानकारी एग्रीस्टेक पोर्टल में अद्यतन भी किया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती मिश्रा के निर्देशानुसार बालोद जिले में राजस्व, सहकारिता एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन कराने हेतु शेष रह गए शत प्रतिशत कृषकों का पंजीयन सुनिश्चित कराने हेतु मुस्तैदी से कार्य किया जा रहा है। जिससे कि जिले के सभी कृषकों को वास्तविक रकबे के आधार पर वास्तविक धान की खरीदी सुनिश्चित हो सके। इसके साथ ही जिले का कोई भी पात्र कृषक धान खरीदी योजना का समुचित लाभ लेने से वंचित न रहे। इसके अंतर्गत आज 25 अक्टूबर को जिले के सहकारी समिति बघमरा, लाटाबोड़ और पोण्डी सहित अन्य सहकारी समितियों में राजस्व एवं सहकारिता विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन कराने हेतु शेष रह गए कृषकों का कराए जा रहे पंजीयन के कार्य का निरीक्षण कर मौके पर उपस्थित किसानों को एग्रीस्टेक पोर्टल में किसानों के पंजीयन के महत्व एवं उद्देश्यों के संबंध में आवश्यक जानकारी भी दी गई। एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन हेतु किसान संबंधित सहकारी समितियों के अलावा ग्राहक सेवा केन्द्रों में पहुँचकर अपना पंजीयन करा सकते हैं।

इसके साथ ही एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीकृत ऐसे किसान जिनका व्यक्तिगत जानकारी अप्राप्त है वे सहकारी समितियों में आयोजित शिविरों में उपस्थित होकर अपना व्यक्तिगत जानकारी अद्यतन करा सकते हैं।

## केंद्र की भाजपा सरकार और एनडीए गठबंधन की नीतियों पर बिहार की जनता एक फिर अपने विश्वास का मुहर लगाने प्रतिबद्ध है: भावना

**कवर्धा,।** पंडरिया विधानसभा विधायक भावना बोहरा को भारतीय जनता पार्टी द्वारा बिहार के सारण जिला अंतर्गत सोनपुर विधानसभा प्रभारी के रूप में बड़ी जिम्मेदारी दी गई है जिसे निभाते हुए भावना बोहरा लगातार सोनपुर विधानसभा के सभी मंडलों, बूथ प्रभारियों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर रणनीतियों पर चर्चा कर रहीं हैं। वहीं विधानसभा क्षेत्र में भ्रमण कर सोनपुर विधानसभा से भाजपा के एनडीए प्रत्याशी विनय कुमार सिंह व एनडीए गठबंधन के लिए समर्थन जुटा रहीं हैं। संगठन की बैठकों में शामिल होना, मंडल अध्यक्षों और कार्यकर्ताओं के साथ सक्रियता के साथ बैठकें कर स्थानीय मुद्दों और प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी जी के विकासशील नेतृत्व और एनडीए गठबंधन द्वारा बिहार के विकास, रोजगार के प्रयास, महिलाओं के सशक्तिकरण, किसानों को आर्थिक संबल, जनकल्याण की योजनाओं एवं अधोसंरचना निर्माण की जानकारी जनता तक पहंचाने हेतु निरंतर जनसंपर्क कर रहीं हैं।

इस अवसर पर भावना बोहरा ने कहा कि बिहार की जनता विधानसभा चुनाव को लेकर काफी उत्साहित है वहीं कार्यकर्ताओं में भी अपार उर्जा और समर्पण भावना स्पष्ट रूप से दिख रही है। फिर एक बार, एनडीए सरकार का नारा और संकल्प के साथ जनसंपर्क के दौरान जनता का अपार समर्थन हमें प्राप्त हो रहा है। बिहार में एनडीए की सरकार आने के बाद से जंगलराज ख़त्म हुआ है और सुशासन स्थापित हुआ है। बिहार में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं, जिसने जनता के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाया है। नालंदा की ज्ञान-गंगा से लेकर चंपारण की सत्याग्रह-धारा तक बिहार राज्य ने भारत को एक गौरवशाली इतिहास दिया है।

# मनरेगा से बदली किस्मत : साय सरकार की योजनाओं से रामफल बने आत्मनिर्भर



### मनरेगा से बदली किस्मत

### गौ पालन से बढ़ी आमदनी, सुरक्षित पशुशेड बना स्थायी आजीविका का आधार

रायपुर, संवाददाता।

साय सरकार की ग्रामीण विकास उन्मुख नीतियां आज गांवों में आम जनजीवन को नया आयाम दे रही हैं। इन्हीं योजनाओं के माध्यम से कवर्धा जिले के पंडरिया विकासखंड की ग्राम पंचायत चारभाठाखुर्द के गौपालक रामफल की जिंदगी भी बदल गई है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना मनरेगा के तहत निर्मित पशुशेड ने उन्हें न केवल स्थायी रोजगार दिया, बल्कि पशुधन की सुरक्षा और आय वृद्धि का मजबूत जरिया भी बन गया।

साय सरकार द्वारा ग्रामीण आजीविका को प्रोत्साहित करते हुए मनरेगा जैसी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से आज कई परिवार आत्मनिर्भर बन रहे हैं। इन्हीं में से एक हैं रामफल, जिन्होंने पहले मजदूरी कर अपना जीवन चलाया था, पर अब गौपालक बनकर सम्मानजनक आय अर्जित कर रहे हैं। पंचायत द्वारा मनरेगा योजना से 68,500 रुपए की स्वीकृति के बाद अक्टूबर 2023 में पशुशेड निर्माण शुरू हुआ और मात्र एक माह में यह कार्य पूरा कर लिया गया।

निर्माण कार्य से न केवल रामफल को 48 मानव दिवस का रोजगार मिला, बल्कि गांव के अन्य परिवारों को भी 12 मानव दिवस तक रोजगार का लाभ मिला। इस कार्य से श्रमिकों को 7,500 रूपए की मजदूरी प्राप्त हुई जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति मिली।

पक्का एवं हवादार पशुशेड बन जाने से रामफल को अपने पशुधन की पूरी सुरक्षा का भरोसा मिला। अब उनके परिवार को 3,000 से 4,000 रुपये मासिक की आमदनी दूध बेचकर हो रही है, और अपने उपयोग के लिए भी पर्याप्त दूध उपलब्ध है। अतिरिक्त आमदनी से वे अपनी दो एकड़ खेती में उत्पादन बढ़ाने में सफल हो रहे हैं। सरकार की योजनाओं से मिली इस सफलता ने उनके परिवार की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ बनाया है।

रामफल कहते हैं, साय सरकार की योजनाओं ने हम जैसे ग्रामीणों को नया आत्मविश्वास दिया है। पहले पशुओं को बारिश और सर्दी से बचाना मुश्किल होता था, अब पक्का शेड होने से यह दिक्कत नहीं रही। जिससे हम सुरक्षित और स्थायी आय

## संपादकीय

### टैरिफ वॉर में भारत के प्रति कोई नरमी बरतें

ट्रंप प्रशासन ने टैरिफ वॉर में भारत के प्रति कोई नरमी नहीं बरती है। क्या वार्ता के अगले चरण में वह ऐसा करेगा? या भारत अपनी 'लक्ष्मण रेखाओं' एवं विदेश नीति संबंधी संप्रभुता पर समझौता करने पर राजी हो जाएगा? अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत के अगले दौर के लिए भारतीय दल वॉशिंगटन पहुंच रहा है, तो उसके सामने वही सवाल और चुनौतियां हैं, जिनकी वजह से पिछले पांच दौर की वार्ताओं में बात आगे नहीं बढ़ी। सवाल है कि क्या भारत व्यापार के साथ-साथ भू-राजनीति संबंधी उन अमेरिकी मांगों पर राजी होगा, जिन्हें डॉनल्ड ट्रंप प्रशासन टैरिफ वॉर के जरिए पूरा कराना चाहता है? ट्रंप ने यह जताने में कोई कोताही नहीं बरती है कि आयात शुल्क को वे ऐसा हथियार मानते हैं, जिसके उपयोग से वे अपने सारे मकसद साध सकते हैं। भारत खुद उनके इस नजरिए का शिकार बना है। रूस से कच्चा तेल खरीदने के दंड के तौर पर उन्होंने भारत पर 25 फीसदी टैरिफ लगाया हुआ है।




## एक दीपक और।



एक दीपक इधर भी जला देना
छत की मुंडेर पर,
जहां साया गहरा ,
जहां अंधकार अपने ही आकार में सिमट कर
मौन हो गया ।

एक दीप उस बूढ़ी मां के कमरे के आले में रख आना,
जहां अब कोई आहट नहीं आती
न बेटे की,
न बहू की,
न नाती के खिलखिलाहट की,
माँ का अकेलापन अब
दीवारों में मौन बन जम चुका है।
एक जोत उस गांव के आंगन में भी जलाना,
जहां बाप के मरने के बाद
बेटा शहर से लौटकर तक नहीं आया,
जहां मिट्टी अब भी उसी की प्रतीक्षा में
पांव पसारे बैठी है।

एक दीपक उन खेतों की पगडंडियों पर रखना,
जहां कभी किसी ने
अपने बचपन के सपने बोए
अब वही आदमी,
अन्न खाकर बड़ा हुआ,
इतना बड़ा कि
अपने ही खेत की गंध भूल गया।

एक पवित्र दीया उस चौखट पर जलाना,
जहां विधवा मां का
एकमात्र लाल,
सीमा पर देश के नाम शहीद हुआ।
उसके सूने आंगन में
अब हर दीपक एक प्रतीक्षा है।

एक दीप उस घर में भी जलाना,
जहां नर्स मां
नन्हे बच्चों को छोड़
मरीजों की सेवा करते हुए
कोरोना के अंधकार में समा गई।
वह लौ अब भी अस्पताल के गलियारों में
धुंधली सी जलती ।

एक दीया उस कुम्हार-बस्ती में जलाना,
जहां मिट्टी से उठती रोशनी की शक्लें
जहां हर दीपक में
किसी गरीब का श्रम,
किसी मां का पसीना,
किसी बच्चे का सपना झिलमिल करता है।
औरज
एक जोत अपने ही अंतर्मन में जला लेना
जहां इच्छाएं, लिप्साएं, वासनाएं
और स्वार्थों का धुआं भरा है।
एक दीप शायद
उस धुएं को भी
प्रकाश में बदल दे।

वह जोत
मानवीय संवेदनाओं, करुणा और सत्य के नाम हो
जो अब कहीं बुझती सी लगती हैं।
शायद उसी लौ से
फिर से उजले हों
मनुष्य, समाज और देश।

**– संजीव ठाकुर,**

# झींगा से लेकर सॉफ्टवेयर तक-नए व्यापार समझौते से भारत के लिए बड़ा बाजार खुला



**पीयूष गोयल**
केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री





भारत ने समृद्धि का एक और दरवाजा खोल दिया है। उसने प्रति व्यक्ति 100,000 अमेरिकी डॉलर से अधिक आय वाले यूरोपीय देशों के एक धनी समूह के साथ एक नए व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किया है। इससे भारतीय किसानों, मछुआरों और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के लिए एक आकर्षक बाजार में पहुंचने का रास्ता खुल गया है और प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत 2047 मिशन को पर्याप्त गति मिलेगी। यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) - स्विट्जरलैंड, नॉर्वे, आइसलैंड और लिकटेंस्टीन - के साथ हुआ व्यापार एवं आर्थिक साझेदारी समझौता (टीईपीए) ऐतिहासिक है। यह समझौता 1 अक्टूबर को शुभ नवरात्रि के दौरान लागू हुआ। ईएफटीए के सदस्य देशों ने 15 वर्षों में 100 बिलियन अमेरिकी डॉलर के निवेश का संकल्प लिया है - जो दुनिया में किसी भी व्यापार समझौते में जतायी गई पहली ऐसी प्रतिबद्धता है। इस समझौते के जरिए, ईएफटीए के सदस्य देशों की सरकारें भारत में निवेश को बढ़ावा देंगी, कम से कम दस लाख रोजगार सृजित करेंगी और प्रधानमंत्री मोदी के %मेक इन इंडिया' मिशन को गति प्रदान करेंगी। विकसित भारत हेतु व्यापार की रणनीतिः मोदी सरकार ने अतीत की झिझक को छोड़कर मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) को अपनाया है। ये समझौते हमारे उत्पादों और सेवाओं को प्रीमियम एवं विकसित बाजारों में पहुंचाते हैं। ये समझौते न सिर्फ नए दरवाजे खोलते हैं, बल्कि हमारे उद्योगों को सशक्त बनाते तथा हमें आगे बढने में मदद करने वाले प्रतिस्पर्धात्मकता और गुणवत्ता का संचार भी करते हैं। भारत ने जहां जुलाई 2025 में यूनाइटेड किंगडम के साथ एक ऐतिहासिक समझौता किया, वहीं यूरोपीय संघ के साथ बातचीत भी अच्छी तरह आगे बढ़ी है। इससे पहले, प्रधानमंत्री मोदी के निर्णायक प्रयासों से ऑस्ट्रेलिया और संयुक्त अरब अमीरात के साथ दोनों पक्षों के लिए लाभदायक समझौते हुए। प्रतिस्पर्धा के बीच आगे बढ़ते हुए वैश्विक मंचों पर अपनी छाप छोडने के आत्मविश्वास से भरा हुआ, भारतीय उद्योग जगत आज बुलंदियों पर खड़ा है। यूपीए शासन के दौरान किए गए जल्दबाजी भरे सौदों के उलट, गहन विचार-विमर्श के बाद तैयार किए गए मोदी-युग के हर मुक्त व्यापार समझौते का उद्योग जगत के विभिन्न हितधारकों ने खुले दिल से स्वागत किया है। यूपीए शासन के सौदे बिना किसी जानकारी के और अक्सर उन प्रतिस्पर्धी अर्थव्यवस्थाओं के साथ किए गए थे, जिन्हें हमारे बाजारों तक पहुंच तो मिली, लेकिन उन्होंने अपने दरवाजे पर्याप्त रूप से नहीं खोले।

भारत को आकर्षक बनाना - यह बदलाव 11 वर्ष पहले शुरू हुआ था, जब प्रधानमंत्री मोदी ने हमारी अर्थव्यवस्था को नाजुक पांच के तमगे से उबारकर इसे व्यापार एवं पूंजी के लिए एक आकर्षण का केन्द्र बनाया। मोदी सरकार ने बुनियादी सुधारों के जरिए विरासत में मिली समस्याओं, गतिरोध, उच्च मुद्रास्फीति, भ्रष्टाचार और अक्षमताओं को दूर किया। अकेले उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना ने मार्च 2025 तक कुल 1.76 लाख करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित किया है, जिससे 12 लाख से अधिक नौकरियां सृजित हुई हैं। प्रधानमंत्री गति शक्ति एवं राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नीति ने लागत में कमी की है और बुनियादी ढांचे को सुव्यवस्थित किया है। हमारी डिजिटल रीढ़ - जन-धन, यूपीआई और ट्रेड कनेक्ट -ने अवसरों का लोकतंत्रीकरण किया है और छह वर्षों में कुल 12,000 लाख करोड़ रुपये मूल्य के 65,000 करोड़ लेनदेन को संभव बनाया है। इससे वंचित वर्ग अब वित्तीय मुख्यधारा में आ गया है।

निवेश और रोजगार सृजन - अब, ईएफटीए के 100 बिलियन अमेरिकी डॉलर के निवेश से दस लाख प्रत्यक्ष और अनगिनत अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होने का वादा किया गया है। यह निवेश पिछले 25 वर्षों में इन देशों से प्राप्त मात्र 11.9 बिलियन अमेरिकी डॉलर के प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) से कहीं अधिक बड़ा है। वर्ष 2024-25 में भारत का कुल एफडीआई 81 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने के साथ, जोकि 14 प्रतिशत की वृद्धि है, वास्तविक प्रवाह जतायी गई प्रतिबद्धताओं को पीछे छोड़ सकता है। इसका श्रेय दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था में मौजूद अवसरों और मजबूत बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) कानूनों को जाता है, जिनका प्रभावी ढंग से पालन किया जाता है। टीईपीए प्रवर्तन एवं सुव्यवस्थित सुरक्षा उपायों के मामले में बेहतर सहयोग के जरिए आईपीआर को मजबूत करता है, नवोन्मेषकों को सशक्त बनाता है और ठोस नियामक संबंधी निश्चितता के बीच उच्च-तकनीक से संबंधित पूंजी को आकर्षित करता है। किसान और मछुआरे - प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) के अलावा, वस्त्र तथा रत्न एवं

आभूषण जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्र से जुड़े निर्यात में भी तेजी आएगी। इससे रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। ईएफटीए के समृद्ध उपभोक्ता हमारे कृषि उत्पादों, चाय और कॉफी के लिए लालायित रहते हैं। भारत ने जहां डेयरी जैसे संवेदनशील क्षेत्रों को संरक्षण दिया है, वहीं चावल, ग्वार गम, दालें, अंगूर, आम, सब्जियां, बाजरा और काजू के व्यापार को अवसर प्रदान किए हैं। बिस्कुट, कन्फेक्शनरी, चॉकलेट और सॉस जैसे प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों पर शुल्क में कटौती से यह सौदा और भी बेहतर हो गया है। मछुआरे इस बात से खुश हैं कि निर्बाध मानक सहयोग के जरिए फ्रोजन झींगा, प्रॉन्स और स्क्विड का निर्यात बढ़ेगा। आकांक्षी भारतीयः टीईपीए द्वारा नर्सिंग, अकाउंटेंसी और आर्किटेक्चर के क्षेत्र में पारस्परिक मान्यता से संबंधित समझौतों का मार्ग प्रशस्त होने से इन सेवाओं को बढ़ावा मिलेगा, जिससे भारतीय पेशेवरों के लिए ईएफटीए में प्रवेश आसान हो जाएगा। सक्रिय नियामक वार्ताओं के जरिए तकनीकी बाधाओं के कम होने से सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), व्यवसाय, सांस्कृतिक, मनोरंजन, शिक्षा और दृश्य-श्रव्य सेवाओं के लिए द्वार खुलेंगे। बाधाओं की समाप्तिः टीईपीए टैरिफ से आगे बढ़कर खाद्य सुरक्षा, पशु एवं पादप स्वास्थ्य, उत्पादों की गुणवत्ता, सुरक्षा एवं उपभोक्ता संरक्षण के संबंध में निष्पक्ष व पारदर्शी नियम तैयार करता है। स्पष्ट सूचना साझाकरण, सत्यापन, आयात संबंधी जांच एवं प्रमाणन इन्हें व्यापार से संबंधित मकडज़ाल बनने से रोकते हैं, भारतीय वस्तुओं के लिए ईएफटीए तक पहुंचने का मार्ग सुगम बनाते हैं और साथ ही उद्योग जगत को घरेलू मानकों को ऊंचा उठाने के लिए प्रेरित करते हैं। हमारे किसान और उत्पादक सुरक्षित निर्यात, कीट-मुक्त उत्पाद, वैश्विक स्तर के मानकों के अनुरूप उत्पाद तैयार करेंगे, जिससे घरेलू गुणवत्ता भी बढ़ेगी। बेहतर जांच और अनुपालन का अर्थ है प्रत्येक भारतीय परिवार के लिए स्वास्थ्यवर्धक भोजन और विश्वसनीय उत्पाद। बेहतर भविष्यः ये समझौते निर्माताओं, सेवा प्रदाताओं और आम नागरिकों के बीच उत्साह जगाते हैं, जो गहरे आर्थिक संबंधों के जरिए उच्च-गुणवत्ता वाले वैश्विक उत्पादों का आनंद लेते हैं। टीईपीए अपने मूल में स्थिरता को समाहित करता है, समावेशी विकास को बढ़ावा देने वाले व्यापार को बढ़ावा देता है, गरीबी से लड़ता है और हमारे पर्यावरण की रक्षा करता है। पेरिस समझौते और अंतरराष्टीय श्रम संगठन के मूल सिद्धांतों की पुष्टि करते हुए, यह जलवायु संबंधी कार्रवाई, लैंगिक समानता तथा जैव विविधता संरक्षण से संबंधित सहयोग को बढ़ावा देता है और उचित वेतन, सुरक्षित रोजगार एवं एक हरी-भरी धरती सुनिश्चित करता है। हरित प्रौद्योगिकी के आदान-प्रदान एवं सहयोग के जरिए, यह श्रमिकों का उत्थान करता है, असमानता को कम करता है और हमारे बच्चों के लिए एक समृद्ध भविष्य सुनिश्चित करता है। मोदी के भारत में जन्मे बच्चे को घर पर भी उतने ही अवसर मिलते हैं, जितने कि आल्प्स की पहाडियों वाली भूमि, आग एवं बर्फ वाली भूमि या फिर मध्यरात्रि के सूर्य वाली भूमि में!

भारत की नियति में अलगाव नहीं, बल्कि सक्रिय भागीदारी है। जिस तरह पुरानी सभ्यता वाले हमारे राष्ट्र के प्राचीन नाविकों ने साहस के साथ अज्ञात जलमार्गों पर यात्रा की थी, ठीक उसी तरह आज के 140 करोड़ भारतीय ङ्क आत्मविश्वास एवं दृढ़निश्चय के साथ और एकजुट होकर - आगे बढ़ रहे हैं। लक्ष्य है - अपनी वैश्विक उपस्थिति का विस्तार करना, शिक्षा एवं डिजिटल क्रांति के जरिए सशक्त बनना और एक टिकाऊ भविष्य का निर्माण करना। हम सबको मिलकर वाणिज्य के क्षेत्र में भारत को एक ऐसे अग्रणी देश के रूप में पुनर्स्थापित करना है, जहां व्यापार एवं प्रौद्योगिकी मानवता की सेवा करें और नवाचार एवं समावेशन कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ें।

**(लेखक केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री हैं।)**

# श्रम से ही जीवन सार्थक एवं सफल

## सफलता का भावार्थ धन दौलत संग्रहण नहीं।

**ऋषि मुनियों ने कहा है श्रम से ही जीवन सार्थक होता है श्रम मनोबल संयम और तब जीवन के तत्व गुण हैं और इन्हीं से मनुष्य को मनुष्य होने का गौरव प्राप्त होता है। सफलता रातों रात नहीं मिलती,जो सफलता भाग्य से मिलती है वह जल्द ख़त्म भी हो सकती है। इसिलए निरंतर मेहनत,श्रम करने आदत होनी चाहिए,साथ में यदि उच्च मनोबल हो तो सोने पे सोहागा होती है,और इससे प्राप्त सफलता स्थाई और चिरंतर होती है,जीवन में अच्छे लक्ष्य को लेकर की गई मेहनत सार्थक होती है और कभी व्यर्थ जाया नहीं होती है। और और सफलता का भावार्थ धन संग्रहण अथवा दौलत प्राप्ति ही कभी नहीं हो सकती ।सफलता का सदैव तात्पर्य एक अच्छा और संवेदनशील मनुष्य का होना ही है।**

वर्तमान के आपाधापी एवं कठिन जीवन शैली में हर व्यक्ति चाहता है कि उसे प्राथमिकता मिले और उसके सब कार्य तत्काल पूर्ण हो जाए। भारत की जनसंख्या के हिसाब से हर स्थान, हर जगह जबरदस्त प्रतियोगिता का वातावरण निर्मित हो चुका है। एक काम के लिए हजारों लोग लाइन में लगे हुए हैं, मूलत किसी पद को पाने के लिए इतनी ज्यादा प्रतियोगिता एवं प्रतिस्पर्धा है कि साधारण कद काठी एवं सामान्य व्यक्तित्व का व्यक्ति भीड़ में कहीं खो जाता है अपने निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने से वंचित रह जाता है।असफलता के कारण मानसिक दबाव जिंदगी भर रहने लगता है, ऐसे व्यक्तित्व विकास मनुष्य के जीवन में एक कड़ी और चुनौतीपूर्ण जीवन रेखा है। एसे में व्यक्ति को शानदार व्यक्तित्व बनाने के लिए बड़ी मेहनत एवं कठिन तपस्या की आवश्यकता होती है। तभी वह इस प्रतिस्पर्धात्मक जीवन शैली में अपने आप को सही और सटीक स्थापित कर पाता है।

व्यक्तित्व विकास के साथ मनुष्य अपना जीवन दूसरों की तुलना में बेहतर तरीके से गुजार पाता है, ऐसे में लोगों एवं आप के संपर्क में आने वाले व्यक्तियों के मन में आपके प्रति सकारात्मक एवं अच्छे विचार आते हैं। आपका प्रभाव भी लोगों पर आपकी कार्यप्रणाली पर अच्छा होने लगता है। अच्छे व्यक्तित्व का मालिक अपने प्रतिदिन के काम में सर्वश्रेष्ठ ऊर्जा तथा शक्ति प्रदान कर पाता है और धीरे-धीरे वह लोगों से अलग दिखाई देने लगता है, आमजन उससे जुड़ना चाहते है, और आपकी तरह बनने के सपने देखने लगते हैं। वर्तमान समय में शायद ऐसा ही कोई व्यक्ति होगा जो शानदार व्यक्तित्व का धनी एवं मालिक ना बनना चाहता होगा। यदि आपकी पर्सनैलिटी याने व्यक्तित्व साधारण एवं निम्न स्तर का है, तो आपको अपने व्यक्तित्व को निखारना ही होगा, तब जाकर आप किसी अच्छे पद,व्यवसाय किसी महान लक्ष्य को संचालित कर सकते हैं। ऐसे में आप यदि नकारात्मक सोच के व्यक्ति हैं तो आपको अपने व्यक्तित्व निर्माण में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है,। नकारात्मक सोच के व्यक्ति को हमेशा कार्यों में परेशानियों का सामना करना पड़ता है, और उसे इन्हीं परेशानियों का निदान भी सूझता नहीं है,पर जिनका का सकारात्मक रवैया होता है,उन्हें हर कठिनाई, परेशानी में निदान के उपाय एवं तरीके अपने सूझ बुझ से निकालने का फार्मूला मालूम होता है, ऐसे व्यक्तियों का काम कभी रुकता नहीं और वे निर्बाध गति से आगे बढ़ते जाते हैं।

यह सर्वविदित सत्य है की आपका संव्यवहार आपके व्यक्तित्व का दर्पण होता है। हर कार्य के संचालन संपादन में आपके व्यक्तित्व की परछाई स्पष्ट परिलक्षित होती है, आपका व्यवहार आपके चरित्र तथा स्वभाव के बारे में सब कुछ बता देता है, और उसका इसका बड़ा व्यापक प्रभाव भी दृष्टिगोचर होता है, व्यक्तित्व विकास न सिर्फ आपकी निजी जिंदगी में प्रभाव डालता है वरन आपकी व्यवसाय और लक्ष्य में भी सकारात्मक एवं प्रभावकारी होता है। जब आप एक अच्छे व्यक्तित्व और सकारात्मक विचार वान व्यक्ति होते हैं तो आप काफी उत्साही एवं आत्मविश्वास से भरपूर भी हो सकते हैं, और आत्मविश्वास से परिपूर्ण व्यक्ति जिंदगी में हर मुश्किल को पार कर एक सफल व्यक्तित्व का धनी हो जाता है। उसे हर जगह सफलता ही सफलता प्राप्त होती है। सफल व्यक्तित्व बनाने के लिए आप अपने व्यवहार को अत्यंत नम्र, शालीन और आत्मविश्वास से भरा ही रखें, किसी भी व्यक्ति से चाहे छोटा हो बड़ा हो अमीर हो गरीब हो मिलते समय उसका यथा योग्य अभिवादन शिष्टाचार पूर्वक अवश्य करें। इससे आपकी पहुंच एवं प्रभाव का दायरा विस्तृत होने लगेगा, सफलता ही सफलता से आप आगे बढ़ने लगेंगे, किसी भी व्यक्ति से अशिष्टतापूर्वक व्यवहार न करें ,आपको यदि यह महसूस होता है कि सामने वाला कुछ गलती पर है या गलत कार्य कर रहा है तो उस पर नाराज ही जाए ना कर उसे बड़े ठंडे दिमाग से समझाई दीजिए, इससे आपका प्रभाव गलत ना होकर शानदार होने लगेगा।।

प्रभावशाली व्यक्तित्व के निर्माण में समय की प्रतिबद्धता एवं समय पर कार्य करने की अदम्य लालसा का बड़ा महत्व है। यदि आप सही समय पर सही कार्य करेंगे एवं अपने संपूर्ण कार्य समय पर प्रतिपादित करने की आदत डालेंगे, तो कार्यों की सफलता की एक तरह से संपूर्णता दिखाई देने लगती है यदि कहीं मीटिंग या किसी व्यक्ति को अपने समय दिया है तो आप वहां समय पर ही पहुंच कर मीटिंग का संपादन करें, आज के युग में किसी को किसी का इंतजार करना पसंद नहीं आता है। ऐसे में काम की सफलता की गुंजाइश कम हो जाती है। और किसी को किसी भी कार्य के लिए इंतजार करवाना अच्छे व्यक्तित्व के निर्माण के प्रतिकूल प्रभाव डालता है,। यदि आप नौकरी में हैं,व्यवसाय में हैं या जन प्रतिनिधि हैं, तो लोगों की बातें सुनने का आप में पर्याप्त संयम भी होना चाहिए, यदि आप किसी व्यक्ति की बातें धैर्य पूर्वक सुनते हैं तो उसे आपका व्यक्तित्व प्रभावशाली लगता है एवं कार्य की सफलता में संदेह नहीं रह जाता। अनावश्यक किसी भी व्यक्ति से बिना उसकी बात सुने समझे बहस करने की थोड़ी भी गुंजाइश ना रखें, अन्यथा कार्य विपरीत स्वरूप भी ले सकता है।सामने वाला व्यक्ति यदि सचमुच गलत है तो ही अपनी बात आप रखें या बोले, इसमें महत्वपूर्ण बिंदु यह है कि आप अपनी शक्ति एवं दुर्बलताओं को अच्छे से पहचाने और जाने। आपको जब अपनी शक्ति और क्षमता का पता होगा तो आप उस कार्य को अच्छे से कर पाएंगे एवं इससे आपके आत्मविश्वास में भी वृद्धि होगी, और अपनी कमजोरियों को सफलता के पीछे सुधार करने में सफल भी होंगे। आप प्रयास करें कि हमेशा मुस्कुराहट आपके चेहरे पर हो एवं आपका चेहरा चिड़चिड़ा या परेशान ना दिखाई दे, क्योंकि यह नकारात्मक ऊर्जा का एक बड़ा प्रतीक है।यह सफलता में कठिनाई पैदा करने वाला कारक माना जाता है। मुस्कुराते हुए चेहरे से लोग प्रसन्न होकर उसकी बात सुनना चाहेंगे और यही एक ऐसा तत्व है जो आपके आत्मविश्वास को कई गुना बढ़ा देगा और आपकी सफलता में कोई गुंजाइश नहीं रह जाएगी। मुस्कुराते हुए चेहरे के आचरण को लोग ज्यादा पसंद करते हैं अपना मित्र भी बनाना चाहेंगे।,

आप जो भी कार्य करते हैं पढ़ते हैं नौकरी करते हैं, व्यवसाय या समाज सेवा करते हैं, उसके संबंध में आपके पास गहरी और संपूर्ण जानकारी होना चाहिए। अधूरा ज्ञान बहुत ही खतरनाक और असमंजस निर्माण करने वाला होता है और कार्य की सफलता में संदेह भी पैदा करता है। क्योंकि अधूरी जानकारी आपके काम करने की प्रणाली पर सवालिया निशान लगा देती है। इसमें आप फिर जवाब देने की स्थिति में भी नहीं रह पाएंगे। अधूरा ज्ञान नकारात्मक होकर आपके आत्मविश्वास को भी डगमगा देता है। आप फिर उस कार्य को करने में डरने लगेंगे। इसलिए किसी कार्य को करने के पूर्व उसके प्रति अच्छी जानकारी सम्यक रूप से होमवर्क की तरह कर ले। और सदैव कार्यों की प्राथमिकता तैयार रखें आसान एवं सरल कार्य पहले संपादित करें, जिससे आपके आत्मविश्वास में वृद्धि हो सके फिर काम के लिए आप अपनी तैयारियां पूर्ण कर सकेंगे, आपका आसान काम करने के बाद का आत्मविश्वास आपको कठिन कार्य करने के लिए उत्प्रेरित करेगा और कठिन कार्य करने में आप आसानी एवं सरलता महसूस करने लगेंगे। किसी भी कार्य को करने से पहले बिल्कुल भी किंचित मात्र भयभीत ना हो क्योंकि डर के कारण कई काम स्वतः बिगड़ जाते हैं।, अतः काम करने से पूर्व निडर होकर कार्य करें क्योंकि गलतियां तो इंसान से ही होती हैं, और जो ज्यादा काम करता है उससे ज्यादा गलती की संभावना होती है । ऐसे में किसी भी तरह के डर या चिंता से मुक्त रहकर अपने कार्य को निष्पादित करें, सफलता आपकी पर्सनालिटी को देखते हुए आपके सामने होगी।

शानदार व्यक्तित्व के विकास में समय का उपयोग और अनुप्रयोग अत्यंत महत्वपूर्ण है। यदि आप समय का सदुपयोग अच्छे से करते हैं तो आधी सफलता आपके सामने होती है। संपूर्ण आत्मविश्वास के साथ इस कार्य को किस समय करना है, यह आपके समझ में जल्दी आ जाता है तो आपका सफलता का ग्राफ बहुत जल्दी ऊपर की ओर जाने लगेगा, क्योंकि समय की कीमत जो व्यक्ति जानता है समय उसकी इज्जत करता है। और उसे सफलता की सीढ़ियां चढ़ने से कोई रोक नहीं सकता, समय का अनुशासन सबसे बड़ा सबक है, काम को सही समय में करना एक तरह की बड़ी ईमानदारी मानी जाती है। यदि आप समय के प्रति प्रतिबद्ध हैं एवं ईमानदारी से कार्य करने की हिमायती हैं तो आपको सफल व्यक्तित्व की श्रेणी में लाने से कोई रोक नहीं सकता,इसी तरह अप एक अच्छे राष्ट्र के निर्माण में योगदान भी कर सकते हैं,अच्छे व्यकितत्व के निर्माण से ही शक्तिशाली,विकसित राष्ट्र का निर्माण किया जासकता है,अपने व्यक्तिव्य के निर्माण के साथ शिक्षित संस्कारी देश को सर्वोपरि मान कर राष्ट्रिय हित में सर्वस्व त्यागना होगा, तब जाकर एक महँ राष्ट्र की नीव राखी जासकती है।

**संजीव ठाकुर। यह निजी विचार है।**

## शिक्षकों में भारी नाराजगी

रोहित कौशिक

पूरे देश में कक्षा एक से आठ तक के शिक्षक इन दिनों भारी मानसिक दबाव झेल रहे हैं। कारण है सुप्रीम कोर्ट का वह आदेश जिसमें शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा यानी टीईटी पास करने का आदेश दिया गया है।

टीईटी के संबंध में माननीय सुप्रीम कोर्ट का फैसला अपनी जगह सही हो सकता हैं। सुप्रीम कोर्ट ने इस संबंध में नियम और कानून के हिसाब से अपना फैसला दिया है। सवाल यह है कि क्या यह फैसला व्यावहारिक है ? सुप्रीम कोर्ट ने इस मुद्दे पर अपना फैसला दे दिया है लेकिन देश की संसद क्या कर रही है ? इस मुद्दे पर राजनेता चुप क्यों हैं ? जो शिक्षक पचास या पचपन वर्ष के हो चुके हैं क्या उनके लिए यह फैसला व्यावहारिक है?

पिछले कुछ समय से केन्द्र सरकार और राज्य सरकारें शिक्षकों पर विभिन्न तरह के दबाव डाल रही हैं। शिक्षा प्रदान करने के अलावा शिक्षकों से हजार काम लिए जा रहे हैं, इसके बावजूद शिक्षकों को पापी सिद्ध करने की कोशिश की जा रही है। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा था कि अब कक्षा एक से लेकर कक्षा आठ तक पढ़ाने वाले सभी शिक्षकों को टीईटी पास करना अनिवार्य होगा। जिन शिक्षकों की सेवा में पांच साल से अधिक का समय बाकी है, उन्हें दो साल के भीतर टीईटी पास करना होगा।

अगर वे इस अवधि में परीक्षा पास नहीं कर पाते हैं तो उन्हें सेवा छोड़नी पड़ेगी या अनिवार्य सेवानिवृत्ति लेनी होगी। हालांकि जिनकी सेवा अवधि पांच साल से कम है उन्हें टीईटी पास करने की बाध्यता नहीं है लेकिन वे प्रमोशन के लिए अयोग्य रहेंगे। यह नियम सरकारी और निजी दोनों शिक्षकों पर लागू होगा। हालांकि फिलहाल अल्पसंख्यक विद्यालयों को इससे छूट दी गई है। इस मुद्दे पर अल्पसंख्यक वाले मामले को सुप्रीम कोर्ट की बड़ी बेंच को सौंपा गया है। खबर है कि फैसले का सख्ती से पालन कराया जाएगा।

शिक्षकों का कहना है कि पहले जो शिक्षक नियुक्त हुए थे, उनकी भर्ती उस समय के नियम और मानकों के हिसाब से हुई थी। अब सेवा के आखिरी वर्षों में उनसे टीईटी पास करने को कहना न्यायसंगत नहीं है। दरअसल पचास-पचपन की उम्र के बाद इंसान कई तरह के मनोवैज्ञानिक दबाव झेल रहा होता है। इस उम्र में वह पढ़ा तो सकता है लेकिन अगर उससे कहा जाएगा कि आप परीक्षा पास कीजिए नहीं तो आपकी नौकरी चली जाएगी तो उस पर मनोवैज्ञानिक दबाव और बढ़ जाएगा।

यही कारण है सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से शिक्षक परेशान है। शिक्षकों के लिए समय-समय पर कई तरह की रिफ्रेशर कोर्स चलते रहते हैं। बेहतर होता कि सरकार शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए शिक्षकों को प्रशिक्षण देती। इस तरह का अव्यावहारिक फैसला शिक्षकों पर थोपना उनके साथ अन्याय है। टीईटी के संबंध में यह फैसला कई तरह से व्यावहारिक नहीं है। स्कूलों में बड़ी संख्या में बीएड, बीपीएड, इंटरमीडिएट पास तथा बीटीसी मुक्त शिक्षक हैं।

कई शिक्षक मृतक आश्रित कोटे में भी भर्ती हुए हैं। शिक्षकों की भर्ती के मानक अलग अलग समय पर अलग अलग रहे। जैसे उत्तर प्रदेश में 1898 से पहले बारहवी पास और बीटीसी के आधार पर भर्ती हुई। 1999 से इसे स्नातक किया गया, इसमें कुछ बीएड और बीपीएड लोग भी आए। यानी उस समय जो मानक थे उसी के आधार पर शिक्षकों की भर्ती हुई। एक व्यावहारिक दिक्कत यह है कि अगर कोई बारहवी पास शिक्षक टीईटी पास करना चाहे तो उसे पहले स्नातक की परीक्षा पास करनी होगी और फिर बीटीसी का प्रशिक्षण लेना होगा, तब जाकर वह टीईटी कर पाएगा। यानी इसमें काफी साल लग जाएंगे। जबकि टीईटी पास करने के लिए सिर्फ दो साल का समय दिया गया है। **यह निजी विचार है।**

# मैरीटाइम पॉलिसी अब महासागर के रूप में भारत के बढ़ते ग्लोबल फुटप्रिंट्स का प्रतीक बनी

**समुद्र से जीविका प्राप्त करने वाले Small Island व Global South के देशों का ध्यान रखते हुए भारत एक ग्रीन, समृद्ध व साझा महासागर के निर्माण के विज़न से आगे बढ़ रहा है**

**पिछले 11 वर्षों में मोदी जी ने भारत के समुद्री क्षेत्र को राष्ट्रीय शक्ति, रीजनल स्टेबिलिटी और ग्लोबल प्रॉस्पेरिटी के रूप में परिभाषित किया है**

**मोदी जी की**

**'सागर से महासागर' का मोदी जी का विज़न भारत को मैरीटाइम क्षेत्र में गलोबल लीडर बनाने के लक्ष्य की पूर्ति की दिशा में आगे बढ़ाएगा**

**भारत का मैरीटाइम क्षेत्र में 23.7 लाख स्केयर किलोमीटर E&clusive Economic Zone (EEZ) दुनिया भर के निवेशकों और मैन्युफैक्चर्रस को आकर्षित करता है**



पीआईबी

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज महाराष्ट्र के मुंबई में India Maritime Week - 2025' का उद्घाटन किया। इस अवसर पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री श्री देवेन्द्र फ्दणवीस, गुजरात के मुख्यमंत्री श्री भूपेन्द्र पटेल, गोवा के मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत, ओडिशा के मुख्यमंत्री श्री मोहन चरण माझी, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री श्री एकनाथ शिंदे और श्री अजित पवार और केन्द्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री श्री सर्वानंद सोनोवाल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

अपने संबोधन में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि मुंबई में विश्व प्रसिद्ध Gateway of India है। उन्होंने कहा कि यह पल India इंडिया का Maritime Moment है जो Gateway of India को Gateway of World में बदल रहा है। पिछले एक दशक में Maritime Summits ने यह सिद्ध कर दिया है कि Maritime Economy में हमने जो गहरे संरचनात्मक सुधार किए हैं उनके आधार पर भारत अब एक उभरती हुई सशक्त ताकत बनकर विश्व के Maritime नक्शे पर पूरे दमखम के साथ खड़ा है।

श्री अमित शाह ने कहा कि भारत की Maritime Strength और Strategic Location इस बात से पता चलती है कि हमारा समुद्र तट (coastline) 11 हज़ार किलोमीटर से भी अधिक लंबी है। 13 तटीय राज्य और केन्द्रशासित प्रदेशों के साथ GDP में लगभग 60 प्रतिशत योगदान हमारे Maritime राज्यों का है। उन्होंने कहा कि 23.7 लाख वर्ग किलोमीटर का E&clusive Economic Zone (श्वर्श्व) दुनियाभर के निवेशकों और मैन्युफैक्चर्रस को आकर्षित करता है और लगभग 800 million की आबादी इन Maritime States में बसती है। श्री शाह ने कहा कि Indian Ocean Region (IOR) के 38 देश Global E&ports में लगभग 12 प्रतिशत का योगदान देते हैं। हम इस पूरी क्षमता को इस समिट के माध्यम से विश्व के निवेशकों और Maritime Industry के champions के सामने खुला रख रहे हैं।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि भारत अपनी Maritime Position, Democratic Stability और Naval क्षमता के बल पर Indo-Pacific और Global South के बीच एक सेतु की भूमिका निभा रहा है जो विकास, सुरक्षा और पर्यावरण को गति दे रहा है। भारत का Maritime इतिहास लगभग 5000 साल पुराना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत आज नए Maritime इतिहास को रचने के लिए तैयार खड़ा है। आज इस सम्मेलन में 100 से अधिक देशों के प्रतिनिधि उपस्थित हैं, जो इस बात का प्रमाण है कि भारत की समुद्री परंपरा आज भी Global Partnership और Regional Stability का केन्द्र बिंदु है।

श्री अमित शाह ने कहा कि Indian Maritime Week, Indo-Pacific क्षेत्र का सबसे प्रतिष्ठित Maritime Dialogue Platform बनकर उभरा है। 2025 की यह समिट 2047 तक मैरीटाइम इंडस्ट्री में भारत का ऊंचा स्थान सुनिश्चित करने के लक्ष्य को प्राप्त करने में बहुत बड़ा योगदान देगी। उन्होंने कहा इस वर्ष के संस्करण में 100 से अधिक देशों से 350 से अधिक स्पीकर, 500 से अधिक कंपनियां और 1 लाख से अधिक प्रतिनिधियों की सहभागिता होने वाली है। साथ ही यहां 10 लाख करोड़ के निवेश के अवसरों का भी सृजन होगा। गृह मंत्री ने कहा कि भारत प्रतिस्पर्धा में नही बल्कि परस्पर सहयोग पर विश्वास करता है। हम परस्पर सहयोग के माध्यम से पूरे देश की मैरीटाइम इंडस्ट्री को विश्व की मैरीटाइम इंडस्ट्री के साथ जोड़ने के लिए पूरा रोडमैप बना चुके हैं। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का मैरीटाइम विज़न, सुरक्षा, स्थिरता और आत्मनिर्भरता के तीन स्तंभों पर आधारित है। मैरीटाइम इंडिया विज़न 2013 के साथ हमने सागरमाला, ब्लू इकोनॉमी, ग्रीन मैरीटाइम विज़न जैसी पहल के साथ ही हमने यह लक्ष्य रखा है कि दुनिया की शिप बिल्डिंग इंडस्ट्री में भारत शीर्ष 5 देशों में शामिल होगा। नए मेगा और डीप ड्राफ्ट पोर्ट्स का निर्माण भी हम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पोर्ट हैंडलिंग में 10 हज़ार मिलियन मीट्रिक टन प्रति वर्ष का लक्ष्य रखा है और पोर्ट ट्रांस्पोर्ट को पूरी तरह डिजिटाइज़ कर लिया गया है। इसके साथ ही, भारत, इंडिया-मिडिल ईस्ट-यूरोप इकोनॉमिक कॉरीडोर, ईस्टर्न मैरीटाइम कॉरीडोर, नॉर्थ साउथ ट्रांस्पोर्ट कॉरीडोर जैसे कनेक्टिविटी प्रोजेक्ट्स के साथ भी जुड़ चुका है।

श्री अमित शाह ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी जी ने भारत के समुद्री क्षेत्र को राष्ट्रीय शक्ति, रीजनल स्टेबिलिटी और ग्लोबल प्रॉस्पेरिटी के रूप में परिभाषित किया है और इन तीनों लक्ष्यों को सिद्ध करने के लिये हमने कई पहल की हैं। आज दुनिया का दो तिहाई व्यापार इंडो पैसीफ्कि समुद्री मार्ग से होता है और भारत का 90 प्रतिशत व्यापार समुद्री मार्ग से होता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी की मैरीटाइम पॉलिसी अब विकसित होकर MAHASAGAR (Mutual And Holistic Advancement for Security And Growth Across Regions) भारत के बढ़ते ग्लोबल फुटप्रिंट्स का प्रतीक बन चुकी है। श्री शाह ने कहा कि सागर से महासागर का प्रधानमंत्री मोदी जी का विज़न हमें 2047 तक भारत को इस क्षेत्र में गलोबल लीडर बनाने के लक्ष्य की पूर्ति की दिशा में आगे बढ़ाएगा। इसके लिए मोदी सरकार ने बजट में 6 गुना वृद्धि की है और 40 मिलियन डॉलर के बजट को बढ़ाकर आज 230 मिलियन डॉलर तक कर दिया है।

## ट्राई ने लुधियाना शहर में नेटवर्क गुणवत्ता का आकलन किया




पीआईबी

भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने सितंबर 2025 के दौरान व्यापक शहरी मार्गों को कवर करते हुए पंजाब लाइसेंस प्राप्त सेवा क्षेत्र (एलएसए) के लिए अपने स्वतंत्र ड्राइव टेस्ट (आईडीटी) निष्कर्ष जारी किए। दिल्ली स्थित ट्राई क्षेत्रीय कार्यालय की देखरेख में आयोजित ड्राइव परीक्षणों को विभिन्न उपयोग वातावरणों - शहरी क्षेत्रों, संस्थागत हॉटस्पॉट, सार्वजनिक परिवहन केंद्रों और हाई-स्पीड कॉरिडोर में वास्तविक दुनिया के मोबाइल नेटवर्क निष्पादन को प्रदर्शित करने के लिए डिज़ाइन किया गया था।

ट्राई की टीमों ने 8 सितंबर, 2025 से 11 सितंबर, 2025 के बीच 280.8 किलोमीटर के सिटी ड्राइव टेस्ट, 13 हॉटस्पॉट स्थानों, 3.4 किलोमीटर के वॉक टेस्ट और 01 स्थान पर इंटर ऑपरेटर कॉलिंग के विस्तृत परीक्षण किए। मूल्यांकन की गई प्रौद्योगिकियों में 2जी, 3जी, 4जी और 5जी शामिल थे, जो विभिन्न हैंडसेट क्षमताओं वाले उपयोगकर्ताओं के सेवा अनुभव को दर्शाते हैं। आईडीटी के निष्कर्षों से सभी संबंधित दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) को पहले ही अवगत करा दिया गया है।

## राज्यपाल रमेन डेका ने जनजातीय संग्रहालय का लिया जायजा

रायपुर(संवाददाता)।

राज्यपाल रमेन डेका ने आज अटल नगर नवा रायपुर में आदिवासी अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान परिसर में शहीद वीर नारायण सिंह जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी स्मारक सह-संग्रहालय का जायजा लिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राज्योत्सव के अवसर पर देश के इस पहले डिजिटल संग्रहालय का लोकार्पण करेंगे। राज्यपाल श्री डेका ने लोकार्पण के तैयारियों के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश एवं मार्गदर्शन दिया।

राज्यपाल श्री डेका ने परिसर में स्थापित आदिवासी संग्रहालय का भी अवलोकन किया जहां प्रदेश के विभिन्न जनजातियों की संस्कृति, परंपराओं, रहन-सहन, आभूषण, उनकी आजीविका के साधन सहित उनके जीवन से जुड़े विभिन्न पहलुओं को जीवंत रूप से प्रदर्शित किया गया है। राज्यपाल ने संग्रहालय की सराहना की और कहा कि छत्तीसगढ़ के जनजातियों की परंपरा, संस्कृति, असम राज्य के जनजातियों से मिलती जुलती है।



राज्यपाल ने डिजिटल संग्रहालय के अवलोकन के दौरान एआई तकनीक से कियोस्क पर क्लिक कर अपनी जनजातीय फोटो भी निकलवाई साथ ही एआई तकनीक से प्रधानमंत्री के साथ फोटो भी खिंचवाए।अवलोकन के दौरान के अनुसूचित जाति एवं जनजाति विकास विभाग के प्रमुख सचिव श्री सोनमणि बोरा ने दोनों संग्रहालयों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्मारक सह-संग्रहालय छत्तीसगढ़ के जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों के ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर गहराई से अध्ययन व रिसर्च के बाद वीएफ्एक्स तकनीक और प्रोजेक्शन वर्क के साथ तैयार किया जा रहा है। दर्शक संग्रहालय में आकर जनजातीय विद्रोह को जीवंत महसूस कर सकेंगे। राज्यपाल श्री डेका ने परिसर में एक पेड़ मां के नाम पर महुवा के पौधे लगाए। राज्यपाल को छत्तीसगढ़ में स्वतंत्रता संग्राम के आदिवासी जननायकों पर आधारित आदि विद्रोह पुस्तक की प्रति एवं जनजातीय संस्कृति पर आधारित पेंटिंग भेंट की गई।इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव डॉ. सी.आर.प्रसन्ना, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के आयुक्त डॉ. सारांश मित्तर, जनजाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान की संचालक हिना अनिमेष नेताम सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।




पटना में छठ पूजा के दूसरे दिन जेपी गंगा पथ पर जाम में फंसे वाहन।



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सदस्य जम्मू में विलय दिवस समारोह में भाग लेते हुए।

## श्री जे.पी. नड्डा ने कहा, सतर्कता को एक संस्थागत आदत के रूप में अपनाया जाना चाहिए

**स्वास्थ्य मंत्रालय में ईमानदारी, पारदर्शिता और जवाबदेही की शपथ के साथ सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 मनाया गया**

**श्री नड्डा ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान नैतिक शासन और निवारक सतर्कता पर जोर दिया**

पीआईबी

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री जगत प्रकाश नड्डा ने आज सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 के उपलक्ष्य में मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ सत्यनिष्ठा की शपथ ली। देश भर में 27 अक्टूबर से 2 नवंबर, 2025 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है।




÷सतर्कताः हमारी साझा ज़िम्मेदारी÷ विषय पर आधारित इस सतर्कता जागरूकता सप्ताह का उद्देश्य केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसा) के निर्देशों के अनुसार सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी, पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देना है।

श्री नड्डा ने शपथ दिलाते हुए, शासन के हर स्तर पर नैतिक आचरण को संस्थागत बनाने और सतर्कता की संस्कृति के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा, ÷क्या करें और क्या न करें, इसकी एक सूची सरल और आम बोलचाल की भाषा में तैयार की जानी चाहिए ताकि लोग सद्भावना या सहानुभूति के कारण कोई अनुचित कार्य न करें। प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण एक नियमित अभ्यास होना चाहिए ताकि सभी जागरूक और सतर्क रहें।÷

केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 की प्रस्तावना के रूप में इस वर्ष अगस्त महीने में एक परिपत्र जारी किया था जिसमें सभी संगठनों को 18 अगस्त से 17 नवंबर 2025 तक (i) लंबित शिकायतों का निपटारा (ii) लंबित मामलों का निपटारा (iii) क्षमता निर्माण कार्यक्रम (i1) परिसंपत्ति प्रबंधन, और (1) डिजिटल पहल आदि पांच प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करते हुए निवारक सतर्कता पर तीन महीने का अभियान चलाने की सलाह दी गई थी। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों ने शपथ समारोह में भाग लिया और सार्वजनिक सेवा में नैतिक मूल्यों, पारदर्शिता और जवाबदेही को बनाए रखने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

## केंद्रीय सतर्कता आयोग ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2025 मनाया

श्री प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, केंद्रीय सतर्कता आयुक्त और श्री ए.एस. राजीव, सतर्कता आयुक्त द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2025 अभियान आयोग के अधिकारियों के अखंडता प्रतिज्ञा के साथ शुरू हुआ। यह अभियान सतर्कता भवन, नई दिल्ली में संचालन किया गया। 27 अक्टूबर से 2 नवंबर 2025 तक 'सतर्कताः हमारी साझा जिम्मेदारी' विषय पर सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2025 मनाया जा रहा है। आयोग, पिछले कुछ वर्षों से सतर्कता जागरूकता सप्ताह से जुड़ा तीन महीने का अभियान चला रहा है। इस वर्ष यह अभियान 18 अगस्त से 17 नवंबर, 2025 तक शुरू किया जा रहा है, जिसके दौरान केंद्र सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग/संघ पांच अलग-अलग क्षेत्रों पर कार्य कर रहे हैंः क) 30 जून, 2025 से पहले प्राप्त लंबित शिकायतों का निपटान ख) लंबित मामलों का निपटान ग) क्षमता निर्माण कार्यक्रम घ) परिसंपत्ति प्रबंधन ई) डिजिटल पहल ऐसा माना जा रहा है कि इन क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करने से सतर्कता प्रशासन पर सार्थक प्रभाव पड़ेगा। आयोग, सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2025 के हिस्से के रूप में, 31 अक्टूबर 2025 को ÷एआई और इमर्जिंग टेक्नोल ओगीज फॉर एथिकल गवर्नेंस÷ विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला भी आयोजित करेगा।

धान खरीदी की तैयारी को लेकर दिए जरूरी निर्देश

# किसानों को ना हो किसी भी प्रकार की असुविधा-कलेक्टर

### जिले में 15 नवम्बर से शुरू होगी समर्थन मूल्य पर धान खरीदी,कलेक्टर श्री जन्मेजय महोबे ने धान खरीदी केन्द्रों का किया निरीक्षण

### धान खरीदी केन्द्रों में समय पूर्व सभी आवश्यक व्यवस्था दुरुस्त करने कहा



जांजगीर- चांपा /

शासन के निर्देशानुसार जिले में समर्थन मूल्य पर 15 नवंबर से धान खरीदी प्रारंभ होगी। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में धान उपार्जन की पारदर्शी एवं सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री जन्मेजय महोबे ने धान खरीदी की तैयारी की समीक्षा हेतु आज करनौद ,बिर्रा,केरा ,खरौद एवं पामगढ़ धान खरीदी केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने केन्द्रों में व्यवस्थाओं, ड्रेनेज,बारदाना उपलब्धता, टोकन वितरण व्यवस्था, सुरक्षा,फेंसिंग एवं सफाई की स्थिति का जायजा लिया।

कलेक्टर श्री महोबे ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की मंशानुरूप धान खरीदी प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता का कार्य है। उन्होंने सभी अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने और धान खरीदी कार्य को बिना किसी व्यवधान के सफलतापूर्वक संपादित करने कहा। कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि खरीदी व्यवस्था समयबद्ध, पारदर्शी और किसानों के लिए पूरी तरह सुविधाजनक हो।

कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसान हित सर्वोपरि रखते हुए खरीदी केन्द्रों में समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए सभी व्यवस्थाएं पूर्व से ही पूर्ण कर ली जाएं।कलेक्टर ने यह भी निर्देश दिए कि किसानों को समय पर टोकन वितरण, तौल और अन्य प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# शिवरीनारायण एवं टुण्ड्रा के नवधा भक्ति के शुभारंभ में सम्मिलित हुए राजेश्री महन्त



**जांजगीर चांपा /** एकदिवसीय जिला जांजगीर चांपा प्रवास के दौरान महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज अनेक कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। प्राप्त जानकारी के अनुसार उन्होंने शाम 7:00 बजे संत श्री बड़े महाराज जी के साथ शोभायात्रा में सम्मिलित होकर मंडी प्रांगण शिवरीनारायण में नवधा भक्ति का शुभारंभ किया। रात्रि 8:30 बजे उनका आगमन नगर पंचायत टुण्ड्रा में हुआ यहां भी उन्होंने नवधा भक्ति का शुभारंभ फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित करके किया ग्राम वासियों के द्वारा बहुत ही आत्मियता पूर्वक स्वागत किया गया। रात्रि 9:30 बजे वे ग्राम कुम्हारी पहुंचे तो यहां भी वे नवधा भक्ति के कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। उन्होंने अनेक स्थानों पर श्रोता समूह को संबोधित करते हुए कहा कि गोस्वामी तुलसीदास जी महाराज ने श्री रामचरितमानस में लिखा है कि - बड़े भाग मानुष तनु पावा। सुर दुर्लभ सब ग्रंथन्हि गावा।। अर्थात अत्यंत सौभाग्य से हम सभी को मनुष्य का तन प्राप्त हुआ है, इसके लिए देवता भी तरसते हैं। ऐसा शास्त्रों में, धर्म ग्रंथो में कहा गया है। जो जीवात्मा मनुष्य का शरीर प्राप्त कर भगवान का भजन नहीं करता उसे अंततः पछतावा ही मिलता है। इसलिए हमें भगवान का निरंतर चिंतन, सुमिरन और भजन करते ही रहना चाहिए। शिवरीनारायण के कार्यक्रम में रामगोपाल दास जी महाराज ने- *संतन के संग लाग रे, तेरी अच्छी बनेगी।।* गाकर लोगों को सुनाया। श्रोताओं को निरंजन अग्रवाल ने भी संबोधित किया। राजेश्री महन्त जी महाराज अपने प्रवास के दौरान जिला शक्ति के मालखरौदा समीप स्थित ग्राम पिहरीद भी गए यहां उन्होंने अपने शुभचिंतकों के यहां भेंट मुलाकातें की। इन सभी कार्यक्रम में राजेश्री महन्त जी महाराज के साथ श्री अग्रवाल जी के अतिरिक्त कमलेश सिंह, राजू रंजन सिंह, मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव, हर्ष दुबे सहित अनेक गणमान्य नागरिक गण सम्मिलित हुए।

## नशीली टेबलेट बिक्री के आरोपी गिरफ्तार

### जांजगीर कोतवाली व सायबर पुलिस की सयुक्त कार्यवाही



**जांजगीर चांपा /** नशीली टेबलेट बिक्री के आरोपी को जांजगीर कोतवाली व सायबर पुलिस की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार किया है । ज्ञात हो कि पुलिस अधीक्षक जांजगीर चांपा विजय कुमार पाण्डेयआईपीएस के निर्देशन में अवैध रूप से मादक पदार्थ नशीली टेबलेट बिक्री करने वालो के विरुद्ध लगातार कार्यवाही किया जा रहा है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के कुशल मार्गदर्शन में थाना जांजगीर/सायबर टीम द्वारा मुखबिर सूचना के आधार पर केरा रोड पुलिस पेट्रोल पंप के पास जांजगीर के पास में एक व्यक्ति एक मोटर सायकल में भारी मात्रा में नशीली टैबलेट बिक्री हेतु अपने कब्जे में रखे हुए खड़ा है । उक्त सूचना पर मौके पर रेड करवाई किया गया जहां पर एक व्यक्ति बुलेट मोटर साइकिल के साथ खड़ा हुआ मिला जिसके कब्जे से कुल 4320 नग पाइवोन स्पा प्लस नशीली टेबलेट कीमती 42768 रु एवं बुलेट मोटर सायकल, नगदी रकम 8000 रु एवं 1 नग मोबाइल बरामद किया गया जाकर विधिवत कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड में भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही मे निरीक्षक मणिकांत पांडे थाना प्रभारी जांजगीर, सहायक उप निरीक्षक नरेंद्र डिक्सेना, थाना स्टाफएवं सायबर टीम प्रभारी सागर पाठक एवं टीम का सराहनीय योगदान रहा।

## छत्तीसगढ़ की संस्कृति को बर्बाद करने में तुली है भाजपा सरकार – वंदना राजपूत

**रायपुर/।** छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा तोड़े जाने पर प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा कि हमारे लिए बेहद दुखद और शर्मिंदा करने वाला है। रजत जयंती वर्ष है इस समय महतारी की मूर्ति को तोड़ा जाना सरकार की अक्षम्य लापरवाही है। महतारी की मूर्ति को यह देखकर हृदय रो पड़ता है कि जिस फ्रमहतारीफ्र के नाम पर बीजेपी वोट मांगती है, सत्ता में काबिज होती है, उसी महतारी की प्रतिमा की सुरक्षा तक नहीं कर पा रही हैं। यह केवल एक मूर्ति का टूटना नहीं, बल्कि हमारी सामूहिक आस्था और छत्तीसगढ़ी अस्मिता पर सीधा हमला है।

# एग्रीस्टैक पंजीयन शिविरों में पहुंचे कलेक्टर महोबे,किसानों से की चर्चा

### 31 अक्टूबर तक मिशन मोड में पूरा हो एग्रीस्टैक पंजीयन कलेक्टर जन्मेजय महोबे

**जांजगीर-चांपा /** आज 27 अक्टूबर को कलेक्टर श्री जन्मेजय महोबे ने आज बम्हनीडीह, नवागढ़ और पामगढ़ विकासखंडों का दौरा कर सेवा सहकारी समितियों में चल रहे एग्रीस्टैक पंजीयन शिविरों का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने किसानों से चर्चा की और उनके खसरा मिलान, मोबाइल-आधार लिंक, फिंगर प्रिंट, भूमि अभिलेख सुधार तथा एग्रीस्टैक पंजीयन से जुड़ी समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों की समस्याओं का स्थल पर ही त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि कोई भी पात्र किसान एग्रीस्टैक पंजीयन से वंचित न रहे।

कलेक्टर श्री महोबे ने करनौद, बिर्रा (बम्हनीडीह), केरा (नवागढ़) और खरौद, पामगढ़ समितियों का निरीक्षण कर शिविरों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शेष किसानों का पंजीयन आगामी 31 अक्टूबर तक मिशन मोड में पूर्ण किया जाए।उन्होंने कहा कि अब केवल चार दिन शेष हैं, संबधित पटवारी सहित राजस्व अमला लगातार समितियों में उपस्थित रहकर किसानों की सहायता करें। तहसीलदार और नायब तहसीलदार प्रतिदिन समितियों का भ्रमण करें और समस्याओं का तत्काल निराकरण करें।



कलेक्टर ने सभी पटवारी, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों को निर्देशित किया कि वे अपनी आईडी को प्रत्येक घंटे चेक करें और जो भी अप्रूवल पेंडिंग आवेदन हों, उन्हें तत्काल निराकरण करें।

उन्होंने सभी एसडीएम को व्यक्तिगत मॉनिटरिंग करने और समितियों में विभागीय समन्वय सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही खाद्य अधिकारी, डीआरसीएस, डीएमओ और नोडल सीसीबी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने ग्राउंड स्टाफ को किसानों की समस्याओं के समाधान हेतु समितियों में तैनात करें और स्वयं भी सतत निगरानी रखें।

कलेक्टर श्री महोबे ने कहा कि जिन किसानों का एग्रीस्टैक व एकीकृत रकबा मिलान कार्य पूर्ण हो चुका है, उनका रिकॉर्ड समितियों में सुरक्षित रूप से संधारित किया जाए, ताकि किसानों को दोबारा समिति में नहीं बुलाना पड़े।उन्होंने महल ग्रामों में मैपिंग या रिकॉर्ड संबंधी समस्याओं एवं तकनीकी समस्या की सूचना तत्काल भू-अभिलेख शाखा को दी जाए।

कलेक्टर ने किसानों से अपील की कि जो किसान अभी तक पंजीयन नहीं करा पाए हैं, वे अपने नजदीकी सेवा सहकारी समिति में जाकर शीघ्र पंजीयन कराएं। निरीक्षण के दौरान संबंधित एसडीएम चांपा श्री पवन कोसमा, एसडीएम पामगढ़ श्री देवेन्द्र चौधरी, तहसीलदार, एवं विभाग के अधिकारी, समिति प्रबंधक उपस्थित रहे।

# भाजपा मंडल कुमर्दा की बैठक संपन्न

### प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के छत्तीसगढ़ आगमन को लेकर बनी रणनीति




**राजनांदगांव,** भारतीय जनता पार्टी मंडल कुमर्दा की बैठक आज स्थानीय कार्यालय में संपन्न हुई, जिसमें संगठनात्मक कार्यों की समीक्षा एवं आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में मुख्य रूप से जिला भाजपा के पूर्व महामंत्री एवं बैठक प्रभारी श्री रविन्द्र वैष्णव उपस्थित रहे। साथ ही इस अवसर पर किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष हिरेन्द्र साहू, जिला पंचायत सभापति गोपाल भुआर्य, जिला भाजपा मंत्री बोधन साहू, मंडल अध्यक्ष हिरदेराम देवांगन, एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष अनिरुद्ध चंद्राकर भी उपस्थित थे। बैठक का प्रमुख एजेंडा आगामी 1 नवंबर को छत्तीसगढ़ राज्योत्सव के शुभारंभ अवसर पर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के छत्तीसगढ़ आगमन एवं रायपुर में आयोजित होने वाले भव्य कार्यक्रम की तैयारियों से संबंधित रहा।

बैठक में यह निर्णय लिया गया कि रायपुर में होने वाले प्रधानमंत्री श्री मोदी जी के स्वागत समारोह में मंडल स्तर पर अधिकतम कार्यकर्ता सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी।

बैठक को संबोधित करते हुए बैठक प्रभारी श्री रविन्द्र वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का छत्तीसगढ़ आगमन समस्त प्रदेशवासियों के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता इस ऐतिहासिक अवसर पर अनुशासन, एकता और उत्साह के साथ रायपुर पहुंचे तथा प्रधानमंत्री जी के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने में अपनी भूमिका निभाए।

उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय जनता पार्टी की संगठन शक्ति कार्यकर्ताओं की निष्ठा और सक्रियता से ही मजबूत होती है। राज्योत्सव के अवसर पर प्रधानमंत्री जी का संबोधन छत्तीसगढ़ के विकास के नए अध्याय का सूत्रपात करेगा।

बैठक को किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष हिरेन्द्र साहू एवं जिला भाजपा मंत्री बोधन साहू ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम का स्वागत उद्बोधन मंडल अध्यक्ष हिरदेराम देवांगन द्वारा किया गया। बैठक के दौरान दो नए कार्यकर्ताओं को गमछा पहनाकर भाजपा परिवार में शामिल किया गया, जिनका उपस्थित जनों ने गर्मजोशी से स्वागत किया।

बैठक में आगामी कार्यक्रमों, संगठन सुदृढ़ीकरण, बूथ स्तर पर संपर्क अभियान तथा प्रधानमंत्री श्री मोदी जी के कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार को लेकर भी विस्तृत चर्चा की गई।

निर्णय लिया गया कि प्रत्येक शक्ति केंद्र से निर्धारित संख्या में कार्यकर्ता रायपुर जाकर प्रधानमंत्री जी के संबोधन में सहभागी होंगे।

## नवरात्रि पर्व के दौरान पंडाल व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था में सहयोग करने वाले 61 स्काउट सहित अन्य को एसपी ने प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित



**जांजगीर चांपा** / नवरात्री पर्व के दौरान पंडाल व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था में सहयोग करने वाले 61 स्काउट सहित अन्य को पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय ने प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया है। ज्ञात हो कि बीते कँवार नवरात्रि पर्व के दौरान नैला अग्रसेन भवन के सामने में मां दुर्गा जी की प्रतिमा/पंडाल दर्शन के लिए काफी संख्या में दर्शनार्थी आते थे, जिसकी सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए अलग अलग जगहों पर पंडाल एवं यातायात पार्किंग व्यवस्था की गई थी जिसमें किसी प्रकार से उक्त व्यवस्था को सुचारु रखने के लिए स्काउट और एनसीसी के बच्चोंद्वारा नवरात्रि पर्व दौरान पुलिस का सहयोग किया, जिससे सुरक्षा और सुगमता बनी रही। इस दौरान व्यवस्था बनाने में सहयोग देने 61 स्काउट्स, गाइड्स, एनसीसी कैडेट्स, रोवर्स, रेंजर्स को प्रशस्ति पत्र देकर पुलिस अधीक्षक महोदय श्री विजय पांडेय द्वारा सम्मानित किया गया । इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात उदयन बेहार, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के जिला सचिव दीपक कुमार यादव, एनसीसी फर्स्ट ऑफिसर दिनेश चतुर्वेदी, डीटीसी स्काउट पूरन लाल पटेल, डीओसी गाइड कु श्वेता जायसवाल आदि उपस्थित थे ।

# उत्कृष्ट कार्यों के लिए ज्ञानचंद साहू हुए सम्मानित

**राजनांदगांव।** तहसील साहू संघ छुरिया एवं समस्त साहू समाज द्वारा दीपावली मिलन समारोह का आयोजन नवीन कर्मा सदन, छुरिया में उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ समाज की अधिष्ठात्री देवी माता कर्मा की पूजा-अर्चना, वंदन और आरती के साथ हुआ। इसके पश्चात नवनिर्वाचित परिक्षेत्रीय पदाधिकारियों का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

सभी पदाधिकारियों ने दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए समाज के सर्वांगीण विकास हेतु अपने विचार एवं विजन प्रस्तुत किए। समाज में बेटी-रोटी संबंधों को सुदृढ़ करने, युवाओं के कैरियर निर्माण, नशामुक्ति अभियान, सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु नवोदय प्रयास जैसी पहलों करने पर सहमति बनी।

सभा में समाज के आय-व्यय का विवरण सचिव भुनेश्वर प्रसाद साहू द्वारा प्रस्तुत किया गया, जिसे उपस्थित सामाजिक जनों ने ताली बजाकर अनुमोदित किया।

समारोह में तहसील साहू संघ छुरिया के सचिव ज्ञानचंद साहू को समाजहित में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। उनके कार्यकाल में भूमि आबंटन एवं भवन निर्माण में किए गए उल्लेखनीय योगदान की सराहना की गई और सादगीपूर्ण समारोह में उन्हें भावभीनी बिदाई दी गई।

इस अवसर पर अध्यक्ष भुनेश्वर प्रसाद साहू, उमेश साहू, कुमार साहू, जिला कोषाध्यक्ष नोबल साहू, श्यामसुंदर साहू, नालेंद्र साहू, हेतराम साहू, चुरामन साहू, मनसुख साहू, अश्वनी साहू सहित अनेक सामाजिक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।



## खास खबर

### गुरु घासीदास विश्वविद्यालय में तालाब से लापता छात्र की लाश मिली

**बिलासपुर,** । गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी परिसर में स्थित तालाब से मिली लाश लापता छात्र की ही निकली है। मृतक की पहचान असलम अंसारी के भाई अयूब अंसारी ने की। इस घटना के बाद पुलिस ने मामले की जांच के लिए 6 सदस्यीय टीम गठित की है। जानकारी के अनुसार, गुरुवार शाम विश्वविद्यालय के तालाब में एक युवक का शव पाया गया था। शव को निकालकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया। इसके बाद शुक्रवार को यह पता चला कि कुछ दिन पहले एक छात्र दो दिनों से लापता था। परिवार ने पहचान के लिए बुलाए गए छोटे भाई ने अपनी टी-शर्ट देखकर मृतक को असलम अंसारी के रूप में पहचाना। इस घटना से परिजनों में शोक का माहौल है। वहीं, विश्वविद्यालय की सुरक्षा पर भी सवाल उठ रहे हैं। पुलिस की 6 सदस्यीय टीम अब छात्र की मौत की परिस्थितियों की जांच करेगी।

### विकसित भारत के लिए स्वदेशी, स्वभाषा, स्व वेशभूषा अपनाना जरूरी है – विधायक अमर अग्रवाल

कोरबा, भारतीय जनता पार्टी के द्वारा एक पत्रकार वार्ता आयोजित कर आत्मनिर्भर भारत अभियान पर की चर्चा। आयोजित पत्रकार वार्ता में मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं वर्तमान बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल भी शामिल हुए। कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारी और मीडिया प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। मीडिया से चर्चा के दौरान विधायक अमर अग्रवाल ने कहा कि वर्ष 2047 में देश अपनी आजादी के 100 वर्ष पूरे करेगा। इस अवसर पर भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है, और इसके लिए हर नागरिक को अपनी भूमिका निभानी होगी। उन्होंने आगे बताया कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा इस संकल्प को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से 25 सितंबर से 25 दिसंबर तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के माध्यम से लोगों को स्वदेशी उत्पादों के उपयोग, भारतीय भाषाओं के सम्मान और पारंपरिक पहनावे को अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा, जब हर भारतीय आत्मनिर्भर भारत की दिशा में स्वयं योगदान देगा।

### अराधना भू-स्थापित कामगार एवंकारीगर सहकारी समिति चारपारा के मतदाता सूची का 2 नवंबर को होगा अंतिम प्रकाशन

कोरबा। अराधना भू-स्थापित कामगार एवंकारीगर सहकारी समिति चारपारा के निर्वाचन हेतु मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 02 नवंबर को होगा। रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अराधना भू-स्थापित कामगार कारीगर सहकारी समिति मर्यादित चारपारा (कोहड़िया) पंजीयन क्रमांक 160से प्राप्त जानकारी अनुसार समिति के सदस्यता सूची का प्रकाशन 23 अक्टूबर को किया गया है । जिसमें सदस्यों से दावा आपत्ति 24 अक्टूबर से 01 नवंबर तक समिति कार्यालय चारपारा।

# बालको रेलवे लाइन पर मालगाड़ी पर पथराव, लोको पायलट घायल

कोरबा (संवाददाता)।

रविवार देर रात बालको रेलवे लाइन पर एक बड़ी घटना सामने आई, जब अज्ञात असामाजिक तत्वों ने एक मालगाड़ी के इंजन पर पथराव कर दिया। यह वारदात डेंगूरनाला पुल और सीएसईबी चौक के बीच उस समय हुई, जब मालगाड़ी बालको प्लांट से लोडिंग पूरी कर स्टेशन की ओर लौट रही थी।

**इंजन का शीशा टूटा, लोको पायलट घायल**

पथराव के दौरान इंजन की खिड़की का शीशा टूट गया, और टूटे कांच का टुकड़ा सीधे लोको पायलट ओपी आदिले के सिर पर जा लगा। इससे उन्हें गंभीर चोट आई। उस वक्त इंजन में असिस्टेंट लोको पायलट सुनील कुमार भी मौजूद थे। घटना के बाद दोनों ने किसी तरह ट्रेन को नियंत्रित करते हुए स्टेशन तक पहुंचाया और स्टेशन मास्टर को पूरी जानकारी लिखित में दी।

पुलिस में मामला दर्ज, जांच जारी

प्रारंभ में घटना की सूचना पुलिस को नहीं दी गई थी, लेकिन मामले के सामने आने के बाद रेलवे के साइड इंचार्ज ने





बालको थाना पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात व्यक्तियों की तलाश शुरू कर दी है। सूत्रों के अनुसार, यह कृत्य स्थानीय असामाजिक तत्वों या नशे में धुत युवकों द्वारा किया गया हो सकता है। रेलवे प्रशासन ने आसपास के क्षेत्र में सुरक्षा गश्त बढ़ाने के निर्देश जारी कर दिए हैं।

### जय बजरंग बुनकर सेवा सहकारी समिति उमरेली के मतदाता सूची का 4 नवंबर को होगा अंतिम प्रकाशन

कोरबा

। जय बजरंग बुनकर सेवा सहकारी समिति उमरेली के निर्वाचन हेतु मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 04 नवंबर को किया जायेगा।

रजिस्ट्रीकरण अधिकारी जय बजरंग बुनकर सेवा सहकारी समिति मर्यादित उमरेली पंजीयन क्रमांक 337 से प्राप्त जानकारी अनुसार समिति के सदस्यता सूची का प्रकाशन 24 अक्टूबर को किया गया है। जिसमें सदस्यों से दावा आपत्ति 25 अक्टूबर से 03 नवंबर तक समिति कार्यालय उमरेली में प्राप्त करने हेतु सदस्य संतोष देवांगन को अधिकृत किया गया है। दावा आपत्तियों का निराकरण एवं मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 04 नवंबर 2025 को किया जाएगा।

# बालको ने कार्यस्थल पर चलाया मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता अभियान

कोरबा, संवाददाता।

वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अतंर्गत मानसिक दृढ़ता, भावनात्मक संतुलन और कार्यस्थल पर जीवन की गुणवत्ता में सुधार हेतु जागरूकता एवं परामर्श सत्र आयोजित किए। इसके माध्यम से कंपनी ने कर्मचारियों के समग्र कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पुनः सुदृढ़ किया। कार्यक्रम में 150 से अधिक कर्मचारियों ने भाग लिया।

अपने वेलनेस पार्टनर 'योरदोस्त' के सहयोग से बालको ने विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कीं, जिनमें माइंड जिम क्विज नामक 60 सेकंड की प्रतियोगिता शामिल थी। इसका उद्देश्य एकाग्रता बढ़ाना और मानसिक तर्कशीलता को प्रोत्साहित करना था। वरिष्ठ मनोवैज्ञानिक डॉ. अंकिता सिंह ने कार्यशाला का संचालन किया,



जिसमें तनाव के शुरुआती लक्षणों की पहचान, व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन में संतुलन बनाने तथा मानसिक स्वास्थ्य को समय रहते संभालने के व्यावहारिक उपायों पर चर्चा की गई। व्यक्तिगत सहायता उपलब्ध कराने के लिए बालको ने वन-ऑन-वन काउंसलिंग सत्रों की भी व्यवस्था की, जिससे कर्मचारी सुरक्षित और गोपनीय वातावरण में विशेषज्ञ परामर्श प्राप्त कर सकें। समाधान केंद्रित इन सत्रों ने कर्मचारियों को अपनी चिंताओं को पहचानने और अभिव्यक्त करने के लिए प्रेरित किया, जिससे संगठन के भीतर सुनने और सहयोग करने की संस्कृति को और सशक्त किया गया।

बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि कंपनी की प्रगति की शुरुआत लोगों से होती है और आज की तेज-रफ्तार दुनिया में भावनात्मक सुख-शांति अत्यंत आवश्यक है। मानसिक स्वास्थ्य एक साझा जिम्मेदारी है, हर व्यक्ति को यह महसूस होना चाहिए कि वह समर्थित, मूल्यवान है और बिना किसी भय के परामर्श प्राप्त कर सकता है। हमारा लक्ष्य ऐसा कार्यस्थल बनाना है जहाँ खुलकर बातचीत, संवेदनशील समुदाय और हर व्यक्ति को सुना जाए ताकि वह अपनी पूर्ण क्षमता से विकसित हो सके।

अपने अनुभव साझा करते हुए शोविनी खेर ने कहा कि अक्सर कोई भी शुरुआती संकेतों के बारे में बात नहीं करता जैसे मनोदशा, ऊर्जा या ध्यान में सूक्ष्म बदलाव, जो किसी गहरी समस्या का संकेत हो सकते हैं। इस कार्यशाला ने मुझे उन संकेतों को पहचानने और समय रहते प्रतिक्रिया देने की समझ दी। कर्मचारियों और व्यावसायिक साझेदारों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए बालको निरंतर जीवन की गुणवत्ता बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करता रहा है।

## रजगामार डिपसाइड कोल माइंस के लिए टीएमसी ग्रुप को वेस्टिंग ऑर्डर हुआ जारी

### कोयला मंत्रालय द्वारा जुलाई में की गई थी रजगामार डिपसाइड देवनार की नीलामी

**कोरबा,** । कमॅशियल कोल माइनिंग के तहत नीलाम किए गए रजगामार डिपसाइड देवनारा भूमिगत खदान के लिए वेस्टिंग ऑर्डर जारी कर दिया गया है। इसके साथ ही खदान के प्रारंभ होने का रास्ता लगभग साफ हो गया है। कोयला मंत्रालय द्वारा जुलाई में रजगामार डिपसाइड देवनारा की नीलामी की गई थी। टीएमसी मिनरल रिसोर्सेज प्राइवेट लिमिटेड ने इसे हासिल किया था। रजगामार डिपसाइड देवनारा कोल ब्लॉक छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में स्थित है। रजगामार डिपसाइड देवनारा में 78.464 मिलियन टन कोल रिजर्व है। भूमिगत खदान का क्षेत्रफल 7.126 स्क्वायर किलोमीटर है। यहां 69 प्रतिशत वन क्षेत्र है। पूर्व सरकार के दौरान इस खदान को एपीआई इस्पात एंड पॉवरटेक प्राइवेट लिमिटेड तथा सीजी स्पंज मैन्यूफैक्चर्स कंसोर्टियम कोलफील्ड्स लिमिटेड को आबंटित किया गया था। पूर्व कंपनी का नाम कोयला घोटाले में आने के बाद आबंटन निरस्त कर दिया गया था। तत्कालीन सरकार ने कमॅर्शियल माइनिंग के तहत खदान को नीलामी में सम्मिलित किया। रजगामार डिपसाइड देवनारा के साथ ही रजगामार डिपसाइड साउथ ऑफ फुलकडीह भूमिगत कोयला खदान की भी नीलामी हुई थी। इस खदान को मिवान स्टील्स लिमिटेड ने हासिल किया है। फुलकडीह के लिए अभी निहित आदेश जारी नहीं किया गया है।

## रेलवे विभाग ने अवैध कब्जाधारियों को थमाया नोटिस, 7 दिन की मोहलत ने बढ़ाई चिंता

कोरबा, संवाददाता।

रेलवे भूमि किमी 705/12-16 पर निर्मित अवैध निर्माण हटाने के सम्बंध में नोटिस दिए जाने से इंदिरा नगर दुरपा रोड के रहवासियों में खलबली मच गई है। वरिष्ठ अनुभाग अभियंता (रेलपथ) के कार्यालय द्वारा 25 अक्टूबर 2025 को जारी व थमाई गई नोटिस में कहा गया है कि- आपके द्वारा रेलवे भूमि अवैध कब्जा किये हुए हैं, उक्त अवैध कब्जा को प्रत्र प्राप्ति के 7 दिन के अंदर आपके द्वारा हटाई जाए, अन्यथा रेल प्रशासन के द्वारा उक्त अवैध कब्जा को बलपूर्वक हटा दिया जाएगा, साथ ही आपके विरुद्ध विभागीय कानूनी कार्यवाही की जायेगी, जिसके जिम्मेदार आप स्वयं होंगे। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे एसईसी रेल्वे के द्वारा उक्त नोटिस की प्रतिलिपि 1. सहायक मंडल अभियंता/चांपा, 2. पोस्ट प्रभारी/रेल सुरक्षा बल/कोरबा व 3. थाना प्रभारी, सिटी कोतवाली कोरबा (छ.ग.) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित की गई है। बताया जा रहा है कि रेलवे के द्वारा नया निर्माण कार्य कराया जाना है जिसके संबंध में भूमि की आवश्यकता होने के कारण स्थल खाली करने के लिए नोटिस जारी की गई है।

**वर्षों से काबिज हैं उक्त लोग** - गणेश राम, महादेव दास, अरुण सिंह, दीपक कुमार आदि लोगों को नोटिस मिला है।

# वादा निभाओ सरकार नहीं तो धान खरीदी का करेंगे बहिष्कार

### 4 सूत्रीय मांगों को लेकर सहकारी समिति कर्मचारियों ने भरी हुंकार, रैली निकाल सौंपा ज्ञापन...

**कोरबा,।** छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ और छत्तीसगढ़ समर्थन मूल्य धान खरीदी ऑपरेटर संघ के प्रदेशव्यापी आव्हान पर शुक्रवार को जिले के 41 सहकारी समितियों के 400 से अधिक कर्मचारियों ने आईटीआई रामपुर चैक में हुंकार भरी। धरना प्रदर्शन कर कलेक्टोरेट तक रैली निकाल वादा निभाओ के नारे लगाकर जिला प्रशासन के माध्यम से शासन को ज्ञापन सौंपा। पदाधिकारियों ने राज्य सरकार की उदासीनता पर नाराजगी जताते हुए 4 सूत्रीय लंबित मांगों की पूर्ति न होने पर धान खरीदी के बहिष्कार और अनिश्चितकालीन आंदोलन का ऐलान



किया है। दोनों संगठनों ने कहा कि जब तक मांगें पूरी नहीं होतीं तब तक चरणबद्ध आंदोलन जारी रहेगा। संगठन ने बताया कि प्रदेश की 2058 सहकारी समितियां और 2739 उपार्जन केंद्र किसानों को धान खरीदी की सेवा दे रहे हैं, लेकिन परिवहन की प्रक्रिया समय पर न होने से समितियों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। मार्कफेड द्वारा भुगतान में कटौती, सुरक्षा और कमीशन राशि का रोका जाना और मिलर द्वारा समय पर धान न उठाने की पेनाल्टी स्वयं लेना जैसी व्यवस्थाओं के कारण समितियों को बड़ी परेशानी हो रही है। कोरबा जिले में 400 से अधिक कर्मचारी हड़ताल पर इससे समितियों के कर्मचारियों को नियमित वेतन नहीं मिल पा रहा है जिससे सहकार से समृद्धि का लक्ष्य प्रभावित हो रहा है। कर्मचारियों का कहना है कि यह आंदोलन उनके उज्जवल भविष्य और न्यायसंगत हक की लड़ाई है। उन्होंने शासन से अपील की है कि लंबित चार सूत्रीय मांगों पर कैबिनेट की बैठक में शीघ्र निर्णय लेकर आंदोलन टालने का अवसर दिया जाए। संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि नवंबर 2024 में आंदोलन के दौरान मुख्यमंत्री स्तर पर बैठक हुई थी और 12 दिसंबर 2024 को खाद्य विभाग ने वित्त विभाग को पत्र भेजकर धान सुखत राशि के भुगतान का प्रस्ताव दिया था। परंतु अब तक कोई ठोस परिणाम नहीं निकला।

इसके अलावा 11 नवंबर 2024 और 25 फरवरी 2025 को भी शासन को पत्र लिखे गए, लेकिन मांगें अब तक लंबित हैं। जिला सहकारी समिति कर्मचारी संघ कोरबा के अध्यक्ष विनोद भट्ट ने बताया कि इस आंदोलन में प्रदेश के लगभग 15 हजार 800 सहकारी समिति कर्मचारी और 2739 उपार्जन केंद्रों के कंप्यूटर ऑपरेटर शामिल होंगे।

# छठ महापर्व : तोरवा में छठ घाट आकर्षक लाइट से चमका

बिलासपुर (संवाददाता)।

छठ महापर्व आज यानी 25 अक्टूबर से शुरू हो रहा है। पहले दिन नहाय खाय के साथ पर्व का आगाज होगा। इस दिन छत्तीसगढ़ के बिलासपुर के तोरवा स्थित छठ घाट पर शाम को अरपा मइया की महा आरती की जाएगी।

इसके लिए अरपा तट को आकर्षक लाइट से सजाया गया है, जिससे यहां का नजारा दिवाली जैसे हो गया है। इसके साथ ही चार दिनों तक पर्व की धूम रहेगी।

बता दें कि अरपा का छठ घाट देश का सबसे बड़ा स्थायी घाट है, जहां एक साथ 50 हजार से अधिक छठव्रती सूर्य देव को अर्घ्य देती हैं।

तोरवा छठ घाट पर पाटलीपुत्र संस्कृति विकास मंच, भोजपुरी समाज और सहजानंद समाज के संयुक्त तत्वाधान में महापर्व पिछले 25 सालों से मनाया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष असीमदास ने बताया कि महापर्व को लेकर सिल्वर जुबली वर्ष मनाया जा रहा है। इसे लेकर तोरवा छठ घाट में एक हफ्ते से तैयारी चल रही है।

घाट की साफ-सफाई के बाद आकर्षक लाई?टिंग की गई है। बुधवार (22 अक्टूबर) को महापर्व की सुरक्षा व्यवस्था



और तैयारी को लेकर कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसएसपी रजनेश सिंह, निगम आयुक्त अमित कुमार घाट का? निरीक्षण करने पहुंचे। यहां देश के सबसे बड़े छठघाट में एक साथ 50 हजार से अधिक लोग सूर्य को अर्घ्य देंगे। इस बार यह पर्व 25 अक्टूबर से शुरू होकर 28 अक्टूबर तक चलेगा।

### छात्र पर शिक्षका ने बरपाया ऐसा कहर कि स्कूल जाना हो गया बंद

### बाल कल्याण समिति के पास पहुंचा मामला...

**कोरबा,** । कोरबा जिले के गोपालपुर स्थित केंद्रीय विद्यालय संख्या 4 में कक्षा दूसरी में पढने वाले छात्र शौर्य श्रीवास के साथ क्लास टीचर चंचल ने जमकर मारपीट की। स्थिति ऐसी बनी कि छात्र के कान में समस्या हो गई और उसका स्कूल जाना बंद हो गया। उपचार के बाद जब किसी तरह बच्चा स्कूल जाने को तैयार हुआ तो वहां फिर उसके साथ मारपीट की गई।

इस मामले में अब छात्र के पिता संजय श्रीवास और परिजन आर-पार की लड़ाई के मूड में आ गए हैं। चाइल्ड लाइन में शिकायत के बाद बाल कल्याण समिति के पास इस मामले को रखा गया है। संजय श्रीवास्तव ने कहा कि इस शिक्षिका के खिलाफकठोर कार्रवाई होना चाहिए। संजय ने बताया कि किसी अधिकारी की पुत्री होने के कारण शिक्षिका चंचल की मनमानी काफी बढ़ गई है और वह क्रूर होते जा रही है। बताया गया कि पिछले दिनों शिक्षिका ने अभद्रता की। छात्र ने इसकी शिकायत की तो होमवर्क देने के नाम पर उसे तमाचा जड़ दिया। हमारे पास इस बारे में बच्चे ने शिकायत की। प्राचार्य से कहा गया तो उसने क्लास टीचर का मामला बताकर किनारा कर लिया। इसकी जानकारी जब शिक्षिका के पास पहुंची तो उसने फिर से मारपीट की। इस घटना में शौर्य के कान में चोट आई है और उसके मन पर इसका काफी विपरित प्रभाव पड़ा है। श्रीवास परिवार ने चाइल्ड लाइन के साथ बाल कल्याण समिति को मामले से अवगत कराया।



छोटे देवड़ा में मन की बात कार्यक्रम का सामूहिक श्रवण

## 5000 शिक्षकों की भर्ती से प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा मिलेगी–मंत्री गजेन्द्र यादव

रायपुर, संवाददाता।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा 5000 शिक्षकों की भर्ती की प्रक्रिया को वित्तीय स्वीकृति प्रदान किया गया है। मंत्री गजेंद्र यादव ने कहा कि यह निर्णय प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा और मजबूती प्रदान करेगा। मंत्री श्री यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की प्राथमिकता हमेशा से ही गुणवत्तापूर्ण और सुलभ शिक्षा सुनिश्चित करना रही है। शिक्षकों की कमी लंबे समय से शिक्षा प्रणाली को प्रभावित कर रही थी, ऐसे में यह भर्ती न केवल स्कूलों में शिक्षण व्यवस्था को सुदृढ़ करेगी बल्कि प्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार के हजारों नए अवसर भी उपलब्ध कराएगी। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय और वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने आगे कहा कि इस भर्ती प्रक्रिया को पूर्ण पारदर्शिता और योग्यता आधारित प्रणाली से संचालित किया जाएगा। ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में शिक्षकों की उपलब्धता बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, ताकि प्रदेश के हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अधिकार प्राप्त हो सके।

शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल पदों की पूर्ति नहीं, बल्कि एक मजबूत, सक्षम और प्रेरणादायी शिक्षण तंत्र का निर्माण करना है। उन्होंने सभी अभ्यर्थियों से आग्रह किया कि वे उत्साह और विश्वास के साथ तैयारी करें, क्योंकि यह भर्ती प्रदेश के शैक्षणिक भविष्य को नई ऊँचाइयों तक ले जाने वाली सिद्ध होगी।

## छसपा 31 एवं 1 नवंबर को 26वां राज्योत्सव मनाएगी धूमधाम से

**रायपुर,** छत्तीसगढ़ी समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अनिल दुबे जीपी चंद्राकर एवं अन्य पदाधिकारियों ने प्रेस क्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में बताया कि छत्तीसगढ़ी समाज पार्टी 31 अक्टूबर एवं एक नवंबर को छत्तीसगढ़ राज्य का 26वां राज्योत्सव धूमधाम से मनाएगी। कार्यक्रम के पहले चरण में साहू भवन टिकरापारा में दोपहर दो बजे से शाम चार बजे तक कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया है। दूसरे सत्र में सैकड़ों लोक कलाकारों द्वारा छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम पर आधारित कार्यक्रम दूध मोंगरा सांस्कृतिक दल एवं डॉ. पीसी लाल गंडई वाले का एवं अन्य दलों का सांस्कृतिक कार्यक्रम हजारों छत्तीसगढ़ियों की उपस्थिति में रात आठ बजे से रात्रि एक बजे तक आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में महापौर मीनल चौबे भी मुख्य अतिथि के रूप उपस्थित रहेंगी। पत्रकारवार्ता में अनिल दुबे ने एक नवंबर से रायपुर में लागू हो रही पुलिस कमिश्नर प्रणाली का विरोध किया है। दूबे के अनुसार उक्त प्रणाली लागू होने से एक ही व्यक्ति के हाथ में पूरे अधिकार आ जाएंगे। जिससे प्रदेश में अराजकता की स्थिति उत्पन्न होगी। अगर पुलिस कमिश्नर प्रणाली लागू करने पर मुख्यमंत्री दृढ़ प्रतिज्ञ है तो उन्हें छत्तीसगढ़ियां आईपीएस अधिकारी को पहला पुलिस कमिश्नर बनाना चाहिए।

## महापौर और सभापति ने दी सूर्य छठ पूजा की दी हार्दिक शुभकामनाएं

**रायपुर, (संवाददाता)।** राजधानी शहर की प्रथम नागरिक रायपुर नगर पालिक निगम की महापौर श्रीमती मीनल चौबे, नगर निगम सभापति श्री सूर्यकान्त राठौड़, नगर निगम संस्कृति विभाग के अध्यक्ष श्री अमर गिदवानी,सभी एमआईसी सदस्यों,समस्त वार्ड पार्षदों ने समस्त नगरवासियों को सूर्य छठ पूजा पर्व के पावन अवसर पर अग्रिम हार्दिक शुभकामनायें देते हुए समृद्धि की प्रतीक सन्तानो की पालनहार आदिशक्ति देवी छठी मईया और सकारात्मक ऊर्जा शक्ति के प्रतीक देव भगवान सूर्यनारायण के दिव्य श्रीचरणों में समस्त नगरवासियों के जीवन में सुख, समृद्धि, स्वास्थ्य और शान्ति प्रदान करने राजधानी रायपुर शहर सहित सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य में समृद्धि और खुशहाली लाने कार्य करने सकारात्मक प्रेरणा ऊर्जा शक्ति प्रदान करने की विनम्र प्रार्थना की है।

सूर्य छठ पूजा पर्व आदि शक्ति देवी छठी मईया और भगवान श्री सूर्यनारायण की विशेष पूजा आराधना को समर्पित महान सांस्कृतिक पर्व है. इस पर्व पर छठी मईया और सूर्यदेव की विशेष पूजा आराधना कर सभी भक्तगण अपने जीवन में उत्तम स्वास्थ्य, सकारात्मक ऊर्जा शक्ति और अपनी सन्तानो को सुरक्षा, सुख, समृद्धि प्रदान करने उनके दिव्य श्रीचरणों में विनम्र प्रार्थना करते हैं. अतएव सूर्य छठ पूजा पर्व प्रत्येक नागरिक को जीवन में सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त करने का एक श्रेष्ठ सुअवसर प्रदान करता है।

महापौर श्रीमती मीनल चौबे, सभापति श्री सूर्यकान्त राठौड़, संस्कृति विभाग अध्यक्ष श्री अमर गिदवानी, सभी एमआईसी सदस्यों, समस्त पार्षदों ने सभी नगरवासियों से स्वच्छ भारत मिशन अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय स्वच्छ सर्वेक्षण में राजधानी रायपुर शहर को प्रथम रैंकिंग दिलवाने अधिकाधिक संख्या में स्वच्छता फीडबैक देकर अपनी सक्रिय सहभागिता दर्ज करवाने की पुनः विनम्र अपील की है।

# पंडवानी एक ऐसी विधा है, जिसके माध्यम से छत्तीसगढ़ को विश्व में मिली पहचान - मुख्यमंत्री श्री साय

### मुख्यमंत्री श्री साय पंडवानी महासम्मेलन के समापन समारोह में हुए शामिल

रायपुर, संवाददाता।



पंडवानी एक ऐसी विधा है, जिसके माध्यम से छत्तीसगढ़ को पूरी दुनिया में पहचान मिली है। हमारे पंडवानी कलाकारों ने न्यूयॉर्क, पेरिस और लंदन तक महाभारत की कथाओं पर आधारित प्रस्तुतियों से लोगों को मंत्रमुग्ध किया है। उन्होंने अपनी कला के माध्यम से न केवल छत्तीसगढ़ की परंपरा को जीवित रखा है, बल्कि भारतीय संस्कृति की आत्मा को वैश्विक मंचों तक पहुँचाया है। पंडवानी आज हमारी लोक चेतना, नारी सशक्तिकरण और सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक बन चुकी है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय अंतर्राष्ट्रीय कलाकार दिवस के अवसर पर दुर्ग जिले के ग्राम मेड़ेसरा में आयोजित पंडवानी महासम्मेलन के समापन समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। छत्तीसगढ़ शासन संस्कृति विभाग रायपुर के सौजन्य से आयोजित इस कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री अरुण साव, अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, साजा विधायक ईश्वर साहू, राज्य तेलघानी बोर्ड के अध्यक्ष जितेंद्र साहू, पूर्व मंत्री रमशीला साहू एवं जागेश्वर साहू, पूर्व विधायक लाभचंद बाफना एवं डॉ. दयाराम साहू, जिला पंचायत दुर्ग की अध्यक्ष श्रसरस्वती बंजारे तथा दुर्ग नगर निगम की महापौर अलका बाघमार भी उपस्थित थीं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि आज मुझे पंडवानी के पुरोधा स्वर्गीय झाड़ूराम देवांगन जी की स्मृति भी हो रही है। जब वे हाथ में तंबूरा लेकर प्रस्तुति देते थे, तो दर्शक मंत्रमुग्ध हो जाते थे। पंडवानी गायन में महिला कलाकारों की विशेष सफलता उल्लेखनीय रही है। मुझे स्वर्गीय लक्ष्मी बंजारे जी का भी स्मरण हो रहा है। यह छत्तीसगढ़ का सौभाग्य है कि हमारी धरती पर तीजन बाई जैसी विभूति हुईं, जिन्हें पद्मश्री, पद्मभूषण और पद्मविभूषण तीनों सम्मान प्राप्त हुए हैं। जब वे तंबूरा लेकर आलाप भरती हैं, तो ऐसा लगता है मानो आकाश के देवी-देवता भी उन्हें सुन रहे हों। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि मैंने अनेक अवसरों पर तीजन बाई जी की पंडवानी सुनी है। श्याम बेनेगल की भारत एक खोज में उनका पंडवानी गायन दृश्य मन को आनंद और उत्सुकता से भर देता है। पद्मश्री डॉ. उषा बारले जी हमारे बीच उपस्थित हैं, जिन्होंने अपने अद्भुत पंडवानी गायन से सभी श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि पंडवानी हमारी अमूल्य धरोहर है। आज इस महासम्मेलन के आयोजन के माध्यम से आप सभी ने इस धरोहर को सहेजने और आने वाली पीढ़ियों तक पहुँचाने का अत्यंत सराहनीय कार्य किया है। उन्होंने कहा कि हम लोगों ने बचपन में रामलीला मंडलियों के माध्यम से रामायण की कथाएं और पंडवानी के माध्यम से महाभारत की कथाएं सुनीं। पीढ़ी दर पीढ़ी इन लोककलाकारों ने रामायण और महाभारत जैसी महान कथाओं को जन-जन तक पहुँचाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंडवानी गायन इस मायने में भी अद्वितीय है कि इसमें स्त्री-पुरुष का कोई भेद नहीं है। तीजन बाई और डॉ. उषा बारले जैसी कलाकारों ने अपनी प्रतिभा से यह साबित किया है कि यह विधा महिलाओं के कौशल और संवेदनशीलता की प्रतीक है। पंडवानी गायन के माध्यम से छत्तीसगढ़ की सामाजिक तासीर भी झलकती है ङ्क यहां मातृशक्ति की भागीदारी कला के क्षेत्र में भी अग्रणी है और उन्हें सदैव प्रोत्साहित किया जाता है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि सरगुजा से लेकर बस्तर तक हर क्षेत्र की अपनी विशिष्ट संस्कृति है। हमारी सरकार छत्तीसगढ़ी लोककला और संस्कृति को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। कलाकारों की पेंशन राशि में वृद्धि की गई है और अवसरों की संख्या भी बढ़ाई गई है। चित्रोत्पला फिल्म सिटी की स्थापना का निर्णय लेकर हमने छत्तीसगढ़ी सिनेमा को सशक्त बनाने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि जब अटल जी ने छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण किया था, तब उनके मन में विकास के साथ-साथ संस्कृति को सहेजने की भी गहरी मंशा थी। आज जब ऐसा सुंदर आयोजन देखता हूं, तो मन को सुकून मिलता है कि अटल जी की मंशा पूर्ण हुई है। उन्होंने बताया कि 1 नवंबर को प्रदेश की रजत जयंती मनाई जाएगी, जो हमारी लोकसंस्कृति का महोत्सव होगा। इस अवसर पर माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का भी आगमन होगा। मुख्यमंत्री ने सभी से आग्रह किया कि वे राज्योत्सव में सम्मिलित होकर छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ाएं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि शिक्षा विभाग शीघ्र ही 5000 पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ करेगा।

## राज्योत्सव पर 3 प्रतिशत डीए-डीआर एरियर सहित जारी करने की मांग

रायपुर, भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ प्रदेश के प्रांताध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से आग्रह किया है कि राज्य स्थापना दिवस 1 नवम्बर को आयोजित राज्योत्सव के अवसर पर राज्य के पेंशनरों और कर्मचारियों के लिए केंद्र के समान जुलाई 2025 से बकाया 3 प्रतिशत महंगाई भत्ता (डीए) और महंगाई राहत (डीआर) एरियर सहित कुल 58 प्रतिशत के आदेश जारी किए जाएं। नामदेव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के राज्योत्सव में आगमन के अवसर पर मोदी की गारंटी को पूरा कर उनका मान रखना मुख्यमंत्री के लिए एक अवसर है। जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि राज्य के कर्मचारी व पेंशनर्स लंबे समय से महंगाई भत्ता एवं राहत की प्रतीक्षा कर रहे हैं। भाजपा शासित गुजरात, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, उत्तराखंड और बिहार में एरियर सहित 58त्न डीए-डीआर के आदेश पहले ही जारी हो चुके हैं, जबकि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा अब तक आदेश जारी नहीं किए गए हैं। इससे कर्मचारियों व पेंशनरों में असंतोष बढ़ता जा रहा है। महासंघ ने मांग की है कि सरकार जुलाई 2025 से बकाया 3त्न डीए-डीआर को एरियर सहित मंजूरी दे और राज्योत्सव समारोह में इसकी घोषणा कर आदेश जारी करे। संयुक्त विज्ञप्ति में महासंघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भूपेन्द्र कुमार वर्मा (दुर्ग), महिला प्रकोष्ठ प्रमुख द्रौपदी यादव (पत्थलगांव), राष्ट्रीय मंत्री रामनारायण ताटी (जगदलपुर)।

# छत्तीसगढ़ में ड्राइवरों का बड़ा चक्काजाम, 3 लाख वाहन स्टेयरिंग छोड़ेंगे, हाईवे जाम

### 10 प्रमुख मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन चक्काजाम की घोषणा



**रायपुर,** छत्तीसगढ़ में आज, 25 अक्टूबर को एक बड़ा आंदोलन शुरू हो गया है। छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंगठन ने अपनी 10 प्रमुख मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन चक्काजाम की घोषणा की है। संगठन के लगभग 3 लाख ड्राइवर आज से स्टेयरिंग नहीं थामेंगे। इसका मतलब है कि पूरे राज्य में परिवहन व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हो जाएगी। ट्रक, बस, टैक्सी और अन्य वाहन सड़कों पर रुक जाएंगे, जिससे हाईवे पर भारी जाम लग सकता है। यह आंदोलन कबीरधाम जिले के कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन के बाद शुरू हुआ है। संगठन ने 25 अक्टूबर तक मांगें पूरी न होने पर हड़ताल की चेतावनी दी थी, जो अब अमल में आ गई है।

ड्राइवरों का कहना है कि सरकार उनकी परेशानियां नहीं समझ रही. खासकर, नेशनल हाईवे 130 सी के डोहेल के पास बड़ी संख्या में ड्राइवर जमा हो गए हैं। वे सड़क पर धरना दे रहे हैं और वाहनों को रोक रहे हैं, इससे माल ढुलाई, यात्री परिवहन और दैनिक जरूरतों की चीजों का आवागमन ठप हो सकता है।

**ये है मांग** ड्राइवर महासंगठन की सबसे बड़ी मांग है छत्तीसगढ़ में सम्पूर्ण शराबबंदी. उनका तर्क है कि शराबबंदी न होने से सड़क हादसे बढ़ते हैं और ड्राइवरों पर गलत इल्जाम लगता है। इसके अलावा, अन्य मांगों में हिट-एंड-रन कानून में बदलाव, ड्राइवरों की सैलरी बढ़ाना, काम के घंटे कम करना, दुर्घटना बीमा की राशि बढ़ाना, अवैध वसूली रोकना, ईंधन पर सब्सिडी, लाइसेंस नवीनीकरण आसान बनाना, रोड टैक्स में छूट और महिलाओं व बच्चों के लिए सुरक्षा उपाय शामिल हैं. संगठन का कहना है कि ये मांगे सालों से लंबित हैं और अब इन्हें पूरा करना जरूरी है।

**आम लोगों को होगी परेशानी**

आंदोलन के कारण आम लोगों को भारी परेशानी हो रही है। बाजारों में सब्जी, दूध और अन्य सामान की कमी हो सकती है। स्कूल-कॉलेज के बच्चे, मरीज और मजदूर सब प्रभावित होंगे। कवर्धा यूनिट ने सबसे पहले ज्ञापन दिया था, लेकिन अब यह पूरे प्रदेश में फैल गया है। ड्राइवरों ने कहा, हम विकास का पहिया थाम रहे हैं, ताकि सरकार हमारी सुन सके। अगर मांगें न मानी गईं, तो चक्काजाम और तेज होगा।

**स्थानीय प्रशासन कर रहा हाईवे पर ट्रैफिक कंट्रोल की कोशिश**

सरकार की ओर से अभी कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, लेकिन स्थानीय प्रशासन हाईवे पर ट्रैफिक कंट्रोल करने की कोशिश कर रहा है। संगठन के नेता ने कहा कि वे बातचीत के लिए तैयार हैं, लेकिन मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा। यह हड़ताल राज्य की अर्थव्यवस्था को झटका दे सकती है, क्योंकि परिवहन ही विकास का आधार है. उम्मीद है कि जल्द ही कोई हल निकले और सामान्य जीवन पटरी पर लौटे।

## कामगारों को चिकित्सा के विषय-विशेषज्ञों की कैशलेस चिकित्सा सुविधा करने बीमा निगम की अभिनव पहल

### रूचि की अभिव्यक्ति के तहत सभी जिलों में अस्पताल और चिकित्सकों के लिए मंगाए गए आवेदन




रायपुर, छत्तीसगढ़ में कर्मचारियों श्रमिकों तथा कामगारों के परिजनों को कैशलेस आधार पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कर्मचारी बीमा निगम भारत सरकार द्वारा उच्च स्तरीय प्रयास किए जा रहे हैं, जिसके तहत अस्पतालों का अुबंध के आधार पर विस्तार किया जाएगा। इसमें किडनी,न्यूरोलॉजी, महिला रोग विशेषज्ञ सहित अन्य विशेषज्ञों की नियुक्ति की जाएगी।

कर्मचारी राज्य बीमा निगम के अनुसार भारत सरकार के श्रम मंत्रालय द्वारा स्वायत्तशासित सामाजिक सुरक्षा संगठन है, जो कराबी अधिनियम 1948 के तहत अपने व्याप्त सभी कामगारों व उनके परिजनों को नगद, चिकित्सा एवं अन्य हितलाभ प्रदान करता है। इसी क्रम छत्तीसगढ़ के सभी जिलों के व्याप्त समस्त क्षेत्रों के हितग्राहियों को कैशलेस आधार पर तृतीयक चिकित्सा सुविधाएं नियमित रूप से प्रदान किया जा रहा है।

राज्य के कामगारों को नेत्र, डायलिसिस, न्यूरोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, ब्लड बैंक सहित अन्य सुविधाएं देने के लिए सभी चिकित्सकों रूचि की अभिव्यक्ति के तहत आवेदन मंगाए जा रहे हैं, इसके लिए बोली दाताओं को आवेदन करना होगा। अस्पताल का कार्य क्षेत्र सभी जिलों में होगा। अनुबंध की अवधि दो वर्ष के लिए होगी। रूचि के अभिव्यक्ति के तहत आवेदन 7 नवंबर तक देना होगा। इस कार्य के लिए रूचि रखने वालों को समस्त दस्तावेज सहित आवेदन देना होगा। केवल ऑनलाईन के दस्तावेजों पर ही विचार किया जाएगा। निगम के क्षेत्रीय निदेशक के अनुसार आवेदनों में केन्द्र और राज्य सरकार के सार्वजनिक क्षेत्रों में लिया जाएगा।

# राजधानी में भव्यता के साथ छठ महापर्व

### महादेवघाट, व्यास तालाब, झांझ तालाब तथा नदियों में हुए प्रमुख कार्यक्रम

रायपुर, संवाददाता



राजधानी में आज छठ पर्व का शुभारंभ हो गया है, महादेवघाट खारून नदी, व्यास तालाब तथा राजधानी के झांझ तालाब सहित अन्य तालाब में नहाय खाय पर्व सूर्य को अर्घ्य देकर पारण किया जाता है। इसमें आज बड़ी संख्या में महिला एवं पुरूष शामिल हुए।

छठ महापर्व समिति से मिली जानकारी के अनुसार छठ का पर्व पूरी भव्यता एवं परंपरा के अनुसार मनाया जा रहा है। इसमें आज उत्तर भारत के अलावा अन्य क्षेत्रों के लोग शामिल हुए। आज महादेवघाट में भी अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी भागीदारी निभाई है। **26 को खरना, 27 को संध्या अर्घ्य व 28 को** उषा अर्घ्यः छठ महापर्व आयोजन समिति महादेव घाट रायपुर के अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने बताया, इस वर्ष छठ पूजा उत्सव पूरी भव्यता, परंपरा और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। शनिवार, 25 अक्टूबर को नहाय-खाय के साथ छठ महापर्व प्रारंभ होगा। जिसमें उत्तर भारतीय समाज के साथ-साथ सनातन परंपरा को मानने वाले हर समाज व पंथ के सूर्योपासक सम्मिलित होंगे। रविवार, 26 अक्टूबर को खरना होगा। सोमवार, 27 अक्टूबर को संध्या अर्घ्य और मंगलवार, 28 अक्टूबर को महादेव घाट में भगवान भास्कर को उषा अर्घ्य दिया जाएगा। समिति अध्यक्ष श्री सिंह ने कहा, हमारी मान्यता है कि छठि मैय्या विश्व की सबसे बड़ी स्वच्छता की ब्रांड एम्बेसडर हैं। छठ महापर्व प्राचीन काल से ही स्वच्छता का संदेश देता आ रहा है। इस पर्व पर श्रद्धालु सूर्यदेव को भोग लगाने शुद्ध प्रसाद तो बनाते ही हैं। वहीं समूह में जुटकर वे सड़क और तालाब के घाटों की सफाई भी करते हैं।

उन्होंने बताया कि सूर्य देव शुक्रवार, 24 अक्टूबर को तुला राशि के स्वाति नक्षत्र में प्रवेश कर चुके हैं और 6 नवंबर तक यहीं विराजमान रहेंगे। शंकराचार्य आश्रम बोरियाकला के प्रमुख आचार्य व ज्योतिषाचार्य ब्रह्मचारी डॉ. इंदुभवानंद तीर्थ महाराज ने बताया कि स्वाति नक्षत्र का स्वामी राह है, जो परिवर्तन, प्रगति व स्वतंत्रता का प्रतीक माना गया है।

## पुलिस महानिरीक्षक रामगोपाल गर्ग को शोध लेख एसवीपीएनपीए हैदराबाद की प्रतिष्ठित पत्रिका में प्रकाशित

**दुर्ग रेंज के पुलिस महानिरीक्षक रामगोपाल गर्ग (आईपीएस) की एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि**

**दुर्ग** दुर्ग रेंज के पुलिस महानिरीक्षक रामगोपाल गर्ग (आईपीएस) के शोध लेख का सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी (एसवीपीएनपीए), हैदराबाद की प्रतिष्ठित पत्रिका में प्रकाशन किया गया है। यूज ऑफ टेक्नोलॉजी इन पुलिसिंग-इनवेस्टिगेशन ऑफ बैंग डकैती केस शीर्षक से प्रकाशित शोध लेख एसवीपीएनपीए जर्नल

(सरदार वल्लभभाई पटेल नेशनल पोलिस एकाडमी जर्नल) के नवीनतम अंक में प्रकाशित हुआ है। छत्तीसगढ़ पुलिस के लिए गर्व का विषय है कि दुर्ग रेंज के पुलिस महानिरीक्षक श्री रामगोपाल गर्ग (आईपीएस) का शोध लेख यूज ऑफ टेक्नोलॉजी इन पुलिसिंग-इनवेस्टिगेशन ऑफ बैंग डकैती केस प्रतिष्ठित एसवीपीएनपीए जर्नल में प्रकाशित हुआ है। यह पत्रिका देश की सर्वोच्च पुलिस प्रशिक्षण अकादमी- सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी, हैदराबाद द्वारा प्रकाशित की जाती है, जो पुलिसिंग के क्षेत्र में उत्कृष्ट शोध और नवाचारों के लिए जानी जाती है। इस शोध लेख में पुलिस महानिरीक्षक गर्ग द्वारा रायगढ़ शहर में हुई एक बड़ी बैंक डकैती की विवेचना के दौरान जाइंट पैटर्न एनालिसिस और सीसीटीव्ही एनालिसिस जैसी अत्याधुनिक तकनीकों के प्रयोग को विस्तार से बताया गया है। यह पहली बार था जब छत्तीसगढ़ में अपराधियों की पहचान स्थापित करने के लिए जाइंट पैटर्न एनालिसिस तकनीक का उपयोग किया गया। इस तकनीक के माध्यम से आरोपियों की चाल (जाइंट) के विश्लेषण को वैज्ञानिक प्रमाण के रूप में प्रयोग किया गया, जिससे अपराध की तह तक पहुँचने और अपराधियों की उपस्थिति सिद्ध करने में सफलता मिली।

**स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक प्रेमेन्द्र अग्रवाल** द्वारा अस्मा पब्लिशर्स इण्डिया प्राईवेट लि.,जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित कर तथा 5/756 रामसागरपारा, सिंधी स्कूल के पीछे, स्टेशनरी हाऊस, रायपुर 492001 (छ.ग.) से प्रकाशित। **संपादक प्रेमेन्द्र अग्रवाल ।**
www.lokshakti.in, lokshaktidaily@gmail.com, twitter.com/lokshaktidaily, facebook.com/lokshaktidaily **कार्यकारी संपादक : राजेश अग्रवाल** (किसी भी विवाद पर न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा)